www.epaper.navbharatlive.com
मुंबई, शनिवार
4 अक्टूबर 2025
तापमान 31.3°c अधिकतम | 24.2°c न्यूनतम

मुंबई नवभारत प्लस
navbharatlive.com



## मंदिरों की हड़पी जमीनों का होगा सर्वे

राज्य में मंदिरों (देवस्थानों) की जमीनों पर बड़े पैमाने पर कब्जा किया गया है. देवस्थानों की भूमि वापस मिले तथा देवस्थानों की भूमि पर कब्जा करने की घटनाएं रुकें, इसके लिए गुजरात की तर्ज पर महाराष्ट्र में 'एंटी लैंड ग्रैबिंग एक्ट' लागू किया जाए,



अंदर के पृष्ठ पर

# नवरात्रि में खूब बिके मकान

■ **मुंबई, (सं.)** नवरात्र 2025 के दौरान मुंबई की रियल एस्टेट मार्केट ने बेहतरीन प्रदर्शन किया. इस बार त्योहार के 10 दिनों (22 सितंबर से 1 अक्टूबर) में कुल 6,238 प्रॉपर्टी रजिस्टर हुईं, जो पिछले साल की इसी अवधि (5,199) की तुलना में 20% अधिक है. रजिस्ट्रेशन में इस उछाल से राज्य सरकार की तिजोरी भी भर गई और कुल 587 करोड़ का राजस्व दर्ज हुआ, जो कि साल दर साल 17% की बढ़ोतरी है. औसतन देखा जाए तो इस अवधि में रोजाना 624 रजिस्ट्रेशन हुए, जबकि 2024 में यह आंकड़ा 578 था. प्रॉपर्टी रजिस्ट्रेशन में यह तेज़ी इस बात का संकेत है कि खरीदारों का भरोसा अभी भी मजबूत है.

नवरात्रि पर रजिस्ट्रेशन:
**6,238** (2025) बनाम
**5,199** (2024)
20% वृद्धि

प्रॉपर्टी मार्केट में बूम



सितंबर 2025: 12,070 रजिस्ट्रेशन – 10 साल में सर्वाधिक
पित्रपक्ष 2025: 3,368 रजिस्ट्रेशन, 265 करोड़
राजस्व: 21% वृद्धि

# 10 दिनों में 6238 घरों की रजिस्ट्री

### मुंबईकरों ने भर दी तिजोरी

सितंबर 2025 ने रियल एस्टेट सेक्टर में नया कीर्तिमान बनाया. पूरे महीने में 12,070 रजिस्ट्रेशन दर्ज हुए, जो पिछले 10 सालों में सितंबर का सबसे ऊंचा आंकड़ा है. इस बार पितृ पक्ष (7 से 21 सितंबर) पहले खत्म हो गया, जिससे नवरात्र की शुरुआत भी जल्दी हुई और त्योहारी खरीददारी का पूरा असर इसी महीने में देखने को मिला. स्थिर ब्याज दरें, बेहतर वहनीयता और प्रीमियम घरों की बढ़ती मांग इस तेजी के मुख्य कारण बताए जा रहे हैं. साथ ही स्टाम्प ड्यूटी से होने वाली आय में भी सुधार हुआ. औसत दैनिक राजस्व 2024 के 56 करोड़ से बढ़कर 2025 में 59 करोड़ तक पहुंच गया.

### पितृपक्ष में भी बाजार मजबूत

पारंपरिक रूप से धीमा माने जाने वाले पितृपक्ष में भी बाजार ने मजबूती दिखाई. इस दौरान कुल 3,368 रजिस्ट्रेशन दर्ज हुए, जो कि रोजाना औसतन 306 यूनिट बनते हैं. यह पिछले साल के 292 की तुलना में 5% अधिक है. इस अवधि में राजस्व भी 219 करोड़ से बढ़कर 265 करोड़ हो गया, यानी 21% की छलांग.

- **राजस्व:** 587 करोड़ (2025) बनाम 501 करोड़ (2024) – 17% वृद्धि
- **औसत दैनिक रजिस्ट्रेशन:** 624 बनाम 578

**# NEWS विंडो**

### 8 किलो गांजा जब्त

**मुंबई.** ट्रॉम्बे पुलिस को एक बड़ी सफलता मिली है. पुलिस उपयुक्त समीर शेख के मार्गदर्शन में प्रभावी कार्रवाई करते हुए 8 किलो 176 ग्राम गांजा, जिसकी कीमत लगभग 1,60,000 रुपये है, जब्त किया है. जिसमें एक 23 वर्षीय तस्कर को गिरफ्तार किया गया है. वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक ऋता नेमलेकर ने बताया कि, महाराष्ट्र नगर, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के सामने एक संदिग्ध वाहन को देखा था. वाहन की तलाशी लेने पर चालक राहुल पिंटू शिंदे, के पास एक थैला मिला. जिसमें गांजा पाया गया. शिंदे कल्याण स्थित शिलफाटा गांव का निवासी है. पुलिस इस बात की जांच कर रही है.

### 5 लोगों पर मामला दर्ज

**पालघर.** एक नाबालिग आदिवासी लड़की की शादी के सिलसिले में पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है. कातकरी आदिवासी समुदाय की 16 वर्षीय लड़की की शिकायत पर वाडा पुलिस थाने में मामला दर्ज किया गया. आरोपियों में उसका पति, चाची, चाचा और एक एजेंट शामिल हैं. लड़की के पिता का कुछ साल पहले देहांत हो गया था. फिर उसकी मां ने किसी और से शादी कर ली. 2 महीने के भीतर ही उनकी भी मृत्यु हो गई. एजेंट ने लड़की की मां को 50,000 रुपये दिए और किशोरी को अहिल्यानगर जिले में ले गया.

# हाइटेक होंगे BMC स्कूल

## डिजिटल क्लासरूम, इनडोर खेल जैसी मिलेंगी सुविधाएं

■ **मुंबई, नवभारत न्यूज नेटवर्क.** अक्सर सरकारी स्कूलों में बच्चे जाने से कतराते है, वही माता- पिता भी चाहते है कि उनके बच्चे प्राइवेट स्कूलों में पढ़ें. क्योंकि सरकारी स्कूलों में सुविधाओं का टोटा रहता है. लेकिन अब मनपा प्रयास कर रही है कि मनपा स्कूलों को प्राइवेट स्कूलों से टक्कर दी जा सके. इसी दिशा में कदम बढ़ाते हुए मनपा अपनी पुरानी स्कूल इमारतों का पुनर्विकास करने का निर्णय लिया है. मनपा ने दावा किया है कि नए स्कूल की इमारतें आधुनिक सुविधाओं से युक्त होंगी. शिक्षा विभाग ने इसके लिए एक नई नीति बनाई है.

### नई इमारतों की प्रमुख विशेषताएं

- भूतल से छठी मंजिल तक कक्षाएं, विज्ञान/भूगोल/कंप्यूटर प्रयोगशालाएं और वाचनालय
- भूतल पर बालवाड़ी या विशेष बच्चों के लिए कक्ष
- 7वीं से 10वीं मंजिल तक बहुउद्देशीय सभागृह, संगोष्ठी कक्ष और कक्षा 8 से 10 के लिए कौशल विकास केंद्र
- हर मंजिल पर सीसीटीवी और सर्वर रूम



### पहले चरण में 4 स्कूल शामिल

- पहले चरण में कुलाबा, जुहू के गांधीग्राम, न्यू माहीम और साईबाबा पथ की 4 स्कूलों को शामिल किया गया है. इनकी कुछ इमारतों को बहुमंजिला निर्माण की अनुमति अभी नहीं मिली है.
- ये इमारतें महानगरपालिका के स्कूल पायाभूत सुविधा विभाग के जरिए बनाई जाएंगी. वर्तमान में कई स्कूलों में 1500 से अधिक छात्र हैं, और उनकी इमारतें सिर्फ चार–पांच मंजिला हैं.
- नई इमारतें कम से कम 8 से 10 मंजिला की होंगी. नई इमारतों में मुख्य रूप से सीबीएसई बोर्ड की मान्यता प्राप्त करने योग्य सुविधाएं दी जाएंगी. इसमें विभिन्न प्रयोगशालाएं और कंप्यूटर कक्ष शामिल होंगे.
- इन इमारतों में बने सभागृह और संगोष्ठी कक्षों को भविष्य में निजी उपयोग के लिए किराए पर देने की भी योजना है, परंतु यह व्यवस्था छात्रों को असुविधा न हो, इस प्रकार की जाएगी.



### सुविधाजनक होगा नया स्कूल

इस नीति के तहत बनने वाली नई स्कूल की इमारतें गगनचुंबी होंगी. इन इमारतों में विज्ञान, भूगोल और कंप्यूटर की प्रयोगशालाएं, वाचनालय, विशेष जरूरतों वाले बच्चों के लिए कक्ष, बहुउद्देशीय सभागृह व कौशल विकास केंद्र जैसी सुविधाएं उपलब्ध होंगी. शहर की कई स्कूल इमारतें पुरानी हो चुकी हैं. इनके पुनर्विकास के कारण कई विद्यार्थियों को दूसरी जगह शिफ्ट होना पड़ा है और कई जगह विरोध भी हुआ. कुछ मनपा स्कूलों को बंद करना पड़ा मजबूरन कई बच्चों को न चाहते हुए भी प्राइवेट स्कूलों में दाखिला लेना पड़ा. पर अधिकारियों का कहना है कि मनपा द्वारा बनाई जाने वाली नई इमारतें पूरी तरह आधुनिक होंगी. हर मंजिल पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे और इमारत में रिफ्यूज एरिया, सर्वर रूम, सीसीटीवी कंट्रोल रूम जैसे अलग कक्ष होंगे. स्कूलों में शुरू होने वाले कौशल विकास केंद्रों के जरिए विद्यार्थियों को रोजगारमुखी कौशल सिखाए जाएंगे. इससे गरीब परिवारों के छात्रों को रोजगार के अवसर बढ़ाने में मदद मिलेगी.

**मुलाकात :** नाम बदलने के प्रस्ताव को मिली मंजूरी

# डी. बी. पाटिल के नाम पर होगा अब नवी मुंबई एयरपोर्ट

मुख्यमंत्री फडणवीस का ठोस आश्वासन

**08** को पीएम मोदी करेंगे उद्घाटन



■ **मुंबई, (सं.)** मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने शुक्रवार को कहा कि नवी मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का नाम दिवंगत नेता एवं सामाजिक कार्यकर्ता डीबी पाटिल के नाम पर रखा जाएगा. पाटिल को उनके काम को लेकर व्यापक रूप से सराहा गया था. क्योंकि उन्होंने यह सुनिश्चित किया कि क्षेत्र में परियोजना से प्रभावित लोगों को उचित मुआवजा मिले. फडणवीस ने कहा, हवाई अड्डे के निर्माण की अनुमति देते समय, केंद्र ने 'नवी मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा' नाम को मंजूरी दी थी. प्रस्तावित नाम परिवर्तन के साथ, अब इसे आधिकारिक तौर पर 'लोकनेता डीबी पाटिल नवी मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा' के नाम से जाना जाएगा. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राज्य सरकार के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है. उन्होंने यह भी बताया कि पुणे और छत्रपति संभाजी नगर हवाई अड्डों का नाम बदलने की मंजूरी भी जल्द ही दे दी जाएगी. उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की मंशा अपरिवर्तित है और केंद्र सरकार को नामकरण पर कोई आपत्ति नहीं है.

### पुणे और छत्रपति संभाजीनगर हवाई अड्डों के नाम भी बदले जाएंगे

पुणे हवाई अड्डे का नाम जगद्गुरु संत तुकाराम के नाम पर रखने का प्रस्ताव है, जबकि औरंगाबाद हवाई अड्डे का नाम छत्रपति संभाजी महाराज के नाम पर रखा जाएगा. राज्य सरकार ने औरंगाबाद जिले का नाम बदलकर छत्रपति संभाजीनगर कर दिया था. फडणवीस ने कहा कि आधिकारिक नाम की घोषणा यात्री परिचालन के प्रारंभ होने पर की जायेगी. फडणवीस ने कहा कि नाम बदलने के फैसले को विधानमंडल के दोनों सदनों ने मंजूरी दे दी है और केंद्र सरकार को भेजे जाने से पहले राज्य मंत्रिमंडल ने भी इसे स्वीकृति दे दी थी. केंद्र हवाई अड्डों के नामकरण पर अपनी नीति को अंतिम रूप दे रहा है और नए दिशानिर्देशों के तहत, जल्द ही मंजूरी मिलने की उम्मीद है.

### दर्ज मामले वापस लिए जाएंगे

फडणवीस ने कहा कि नवी मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का नामकरण करने के लिए आंदोलनकारियों के खिलाफ दर्ज मामले वापस लिए जाएंगे. ताकि इस आंदोलन के दौरान किए गए अपराधों के कारण हवाई अड्डे पर नौकरी पाने में कोई कठिनाई न हो.

# स्कायवॉक के जरिए जुड़ेगा पॉड टैक्सी

## 8.8 किमी की यात्रा होगी और तेज

■ **मुंबई, (सं.)** कुर्ला रेलवे स्टेशन और बीकेसी के बीच यात्रा अब आसान होने वाली है. शहर में प्रस्तावित पॉड टैक्सी प्रोजेक्ट को कुर्ला स्टेशन से सीधे जोड़ने के लिए एक स्कायवॉक का निर्माण किया जाएगा. अधिकारियों के अनुसार, सेंट्रल रेलवे ने कुर्ला (वेस्ट) में 1,370 वर्ग मीटर जमीन आवंटित करने का निर्णय लिया है. यह प्लॉट वर्तमान में पार्किंग के लिए उपयोग हो रहा है और स्टेशन से केवल 100 मीटर की दूरी पर है. पॉड टैक्सी परियोजना बीकेसी तक सुगम यात्रा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से विकसित की जा रही है. चूंकि यह प्रणाली कुर्ला और बांद्रा रेलवे स्टेशनों से जुड़ती है, इसलिए एक ऑटोमेटेड रैपिड ट्रांज़िट स्टेशन (एआरटीएस) की आवश्यकता है. स्टेशन परिसर के आसपास स्थान की कमी के कारण, एआरटीएस स्टेशन कुर्ला रेलवे स्टेशन से लगभग 200 मीटर दूर बनाया जाएगा और इसे स्कायवॉक के जरिए सीधे स्टेशन से जोड़ा जाएगा. रेलवे अधिकारियों ने बताया कि स्कायवॉक का लैंडिंग प्वाइंट इसी आवंटित जमीन पर होगा.



कुर्ला स्टेशन स्कायवॉक जमीन: **1,370** वर्ग मीटर

बांद्रा स्टेशन एआरटीएस जमीन: **4,000** वर्ग मीटर

- परियोजना लंबाई: 8.8 किमी
- अनुमानित लागत: 1,016.34 करोड़
- अनुमानित किराया: 21 प्रति किमी
- एआरटीएस स्टेशन कुर्ला से दूरी: 200 मीटर

**लापरवाही :** मेट्रो में तकनीकी गड़बड़ी से यात्रियों को परेशानी

# पीक ऑवर में ठप लाइन 2A व 7

■ **मुंबई, (सं.)** सोमवार की शाम ऑफिस से घर लौटते समय यात्रियों को एक बार फिर मुंबई मेट्रो की लापरवाही का शिकार होना पड़ा. लाइन 2A और 7 पर अचानक तकनीकी गड़बड़ी आने के बाद सेवाएं बाधित हो गईं. सबसे बड़ी समस्या यह रही कि मेट्रो प्रबंधन ने समय पर यात्रियों और मीडिया को सही जानकारी उपलब्ध नहीं कराई. इस वजह से पीक ऑवर में हजारों लोग स्टेशन और ट्रेन के भीतर फंसे रहे. महा मुंबई मेट्रो ऑपरेशन कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एमएमओसीएल) ने अपने एक्स (ट्विटर) अकाउंट से शाम को एक छोटा सा ट्वीट कर बताया कि



"तकनीकी गड़बड़ी के कारण लाइन 2A और 7 पर सेवाएं थोड़ी देर से चल रही हैं." लेकिन कब तक दिक्कत रहेगी और क्या विकल्प है. इस पर कोई स्पष्ट सूचना नहीं दी गई. यात्रियों का गुस्सा सोशल मीडिया पर फूट पड़ा.

### ऑटो-टैक्सी का सहारा लेना पड़ा

एक्स यूज़र गौरव ने 6:55 बजे ट्वीट किया कि "मुंबई मेट्रो 2B धनुकरवाड़ी स्टेशन पर पिछले 30 मिनट से रुकी हुई है, आखिर समस्या क्या है?" इस तरह के दर्जनों ट्वीट्स शाम भर सोशल मीडिया पर छाए रहे. करीब 7:15 बजे एमएमओसीएल ने दूसरा ट्वीट कर बताया कि समस्या का समाधान हो गया है और एक घंटे में सेवाएं सामान्य हो जाएंगी. तब तक कई यात्रियों को मजबूरन ऑटो–टैक्सी या बस का सहारा लेना पड़ा. एमएमआरसीएल ने बताया कि मेट्रो लाइन–3 (एक्वा लाइन) की एक भूमिगत ट्रेन में तकनीकी गड़बड़ी होने के बाद यात्रियों को सुरक्षित रूप से उतार दिया गया.

**खरीदारी :** सोना कितना सोना है...



**मुंबई.** दशहरा पर सोने की खरीदारी करने की महाराष्ट्र में परंपरा है. इसी तर्ज पर दशहरा के दिन दादर के एक ज्वेलरी की दुकान में सोने की खरीदी करती महिलाएं.

# पत्थरबाज आरोपी गिरफ्तार

### रेलवे पुलिस ने की कार्रवाई

■ **मुंबई, (सं.)** रेलवे पुलिस फोर्स (आरपीएफ) ने अन्य जांच एजेंसियों के संयुक्त कार्रवाई में शिवडी स्टेशन के पास एक कुख्यात आरोपी को पकड़ा है. जो लोकल ट्रेनों पर पत्थरबाजी की घटनाओं में शामिल था. मुखबिर की सूचना, सीसीटीवी फुटेज और पुराने रिकॉर्ड के आधार पर पहचान के बाद आरोपी को हिरासत में लिया गया है. पूछताछ में उसने 26 सितंबर को रे रोड स्टेशन पर, 22 सितंबर को उसी स्थान पर और 18 सितंबर को शिवडी-वडाला रोड के बीच महिला कोच पर पत्थर फेंकने की घटनाओं को अंजाम देना कबूल किया है. उसने बताया कि पत्थर मारने के बाद वह प्लेटफार्म नंबर 2 से सीएसटी की ट्रेन पकड़कर फरार हो जाता था. आरोपी ने यह भी स्वीकार किया कि दो-ढाई महीने पहले उसने ट्रेन के लगेज कोच से स्टील फ्रेम चुराया और शिवडी-कॉटन ग्रीन के बीच उसे ट्रैक पर फेंक दिया था.



**ब्लैकमेल :** युवक से 35,000 लूटने वाली 3 महिलाएं गिरफ्तार

# 500 रुपये में वेश्यावृत्ति का सौदा

■ **मुंबई, (सं.)** गिरगांव इलाके में एक चौंकाने वाली ठगी की घटना ने सबको हैरान कर दिया है. एक युवक को शारीरिक संबंध का लालच देकर 4 महिलाओं ने मिलकर 35,000 रुपये की ठगी की है. मीठी बातों में फंसाकर एक अज्ञात महिला ने युवक को एक लॉज में ले जाकर ब्लैकमेल किया. वहां तीन अन्य महिलाओं ने मिलकर उसे धमकाया और बदनामी का डर दिखाकर, 22,000 रुपये ऑनलाइन ट्रांसफर करवाए, जबकि 13,000 रुपये नकद छीन लिया.

### अश्लील वीडियो बनाकर बदनामी की धमकी



पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तीनों महिलाओं को गिरफ्तार कर लिया, जबकि एक की तलाश जारी है. घटना के अनुसार पीड़ित युवक सीएसएमटी स्टेशन पर था. जब एक महिला ने उससे संपर्क कर 500 रुपये में शारीरिक संबंध का सौदा किया. इसके बाद, वह उसे टैक्सी से भारत भवन होटल के पास एक इमारत में ले गई. कमरे में पहुंचते ही तीन अन्य महिलाएं आईं और अश्लील वीडियो बनाकर बदनामी की धमकी दी. डर के मारे युवक ने उनके दबाव में पैसे दे दिए. पीड़ित की शिकायत पर वी.पी. रोड पुलिस स्टेशन ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की.

**यात्रा |** BKC स्टेशन का रेल मंत्री वैष्णव और जापानी मंत्री ने किया दौरा

# खार रेलवे स्टेशन पर हुआ VIP स्वागत

■ **मुंबई, नवभारत न्यूज नेटवर्क.** शुक्रवार को खार रेलवे स्टेशन ने विशेष महत्व हासिल किया जब रेलवे मंत्री अश्विनी वैष्णव और जापान के इंफ्रास्ट्रक्चर, ट्रांसपोर्ट और टूरिज्म मंत्री हिरोमासा नाकानो 6-कोच वंदे भारत ट्रेन से पहुंचे. इस दौरान मंज़िल थी मुंबई बीकेसी बुलेट ट्रेन स्टेशन. अधिकारियों ने बांद्रा (ईस्ट) स्टेशन को इस दौरे से बाहर रखा, जहां ऑटो रिक्शा समस्या और ट्रैफिक जाम आम है. बांद्रा (ईस्ट) की सड़कों पर ऑटो स्टैंड बेतरतीब तरीके से लगते हैं और बीकेसी, कलानगर, बांद्रा टर्मिनस जैसी दिशाओं के लिए यातायात में बाधा डालते हैं. रेलवे सूत्रों के अनुसार, यही एक कारण था कि वीआईपी को खार स्टेशन से यात्रा कराई गई. खार स्टेशन बीकेसी से करीब 5 किमी दूर है जबकि बांद्रा (ईस्ट) से लगभग 3 किमी, लेकिन ट्रैफिक प्रबंधन और सुरक्षा के लिहाज से यह बेहतर विकल्प था. खार स्टेशन का नया



एलिवेटेड डेक 4952 वर्ग मीटर में फैला है और पश्चिम रेलवे के सभी सबअर्बन स्टेशनों में सबसे बड़ा है. इसमें 3 लिफ्ट, 5 एस्केलेटर, रैंप और हेंडरेल्स जैसी सुविधाएं हैं. वीआईपी दौरे के दौरान मंत्री वैष्णव ने स्टेशन पर किए गए कार्य की सराहना की. इससे पहले मंत्री और अधिकारी सूरत में बुलेट ट्रेन निर्माण साइट का निरीक्षण कर चुके थे. खार स्टेशन पर कुछ मिनटों का दौरा करने के बाद मंत्री बीकेसी बुलेट ट्रेन साइट के लिए रवाना हुए. बीकेसी अंडरग्राउंड स्टेशन की खुदाई धीमी लेकिन लगातार चल रही है. कुल 18.7 लाख क्यूबिक मीटर में से 15.7 लाख क्यूबिक मीटर मिट्टी निकाली जा चुकी है, यानी लगभग 84% कार्य पूर्ण. खुदाई की गहराई 32.5 मीटर पहुंच चुकी है.

- खुदाई की गहराई: 32.5 मीटर
- प्लेटफॉर्म: 6, लंबाई: 415 मीटर
- दैनिक बीकेसी यात्री (रेल+सड़क): 4.5 लाख

खार एलिवेटेड डेक: **4952** वर्ग मीटर
लिफ्ट: 3
एस्केलेटर: 5

बीकेसी बुलेट स्टेशन खुदाई: 15.7 लाख क्यूबिक मीटर
84%

# दान घोटाले का आरोपी गिरफ्तार

**मुंबई.** डीबी मार्ग पुलिस ने एक सनसनीखेज धोखाधड़ी मामले में मुख्य आरोपी, जितेंद्र सोनार उर्फ जीतू गुरुजी (47) को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है. इस घोटाले में एक धर्मार्थ ट्रस्ट को 24 करोड़ रुपये के दान का लालच देकर ठगा गया. यह गिरफ्तारी पीड़ितों को न्याय दिलाने और ऐसे अपराधियों को सबक सिखाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है. शाहपुर के खरदी निवासी जीतू गुरुजी माधव मदन कूरियर' नामक फर्म चलाता था. उसके गिरोह ने 100 करोड़ से अधिक के दान का झांसा देकर कई धर्मार्थ ट्रस्टों को लूटा. इस मामले में दो अन्य आरोपी, अमर सिंगाने और कमलेश भोसले, फरार हैं, जिनकी तलाश में पुलिस जुटी है.

### दो आरोपी फरार, पुलिस जांच में जुटी

# मुंबई मनपा में चार नए सहायक आयुक्तों की एंट्री

## बीएमसी चुनाव से पहले बड़ा फेरबदल

■ **मुंबई, (सं.)** मनपा ने 4 नए सहायक आयुक्तों की पदस्थापना के आदेश जारी किए हैं. मनपा आयुक्त भूषण गगराणी के आदेशानुसार महाराष्ट्र लोकसेवा आयोग की सिफारिश पर 4 अधिकारियों की नियुक्ति 3 अक्टूबर 2025 को घोषित की गई. नए पदस्थापित सहायक आयुक्तों में संतोष गोरख सालुंके (सी विभाग), वृषाली पांडुरंग इंगुले (एफ दक्षिण विभाग), योगेश रंजीतराव देसाई (बी विभाग) और आरती भगवान गोलेकर (आर दक्षिण विभाग) शामिल हैं. साथ ही, सहायक आयुक्त संवर्ग में तबादले भी किए गए हैं. इनमें नितीन शुक्ला को बी विभाग से के पूर्व विभाग में स्थानांतरित किया गया है, जबकि संजय इंगले (सी विभाग) और मनीष सालवे (आर दक्षिण विभाग) को नगर अभियंता विभाग में प्रत्यावर्तित किया गया है. वही महेश पाटील (एफ दक्षिण विभाग) को एस विभाग और अलका ससाणे (एस विभाग) को बाजार विभाग की जिम्मेदारी सौंपी गई है. महाराष्ट्र लोकसेवा आयोग ने कुल 14 उम्मीदवारों की सिफारिश की थी. इनमें से 6 की पदस्थापना पहले ही की जा चुकी है, जबकि आज 4 और अधिकारियों की नियुक्ति हुई. शेष चार उम्मीदवारों में से एक कार्यमुक्त नहीं हुए हैं, एक प्रसूति अवकाश पर हैं और दो प्रशिक्षणरत हैं. प्रशिक्षण पूर्ण होने के बाद उनकी नियुक्ति की जाएगी.



# मंदिरों की हड़पी जमीनों का होगा सर्वे

## महाराष्ट्र मंदिर महासंघ की बैठक में विधि एवं न्याय राज्यमंत्री एड. जयसवाल ने दिए आदेश

### महाराष्ट्र में भी लागू करें 'एंटी लैंड ग्रैबिंग एक्ट'

■ **मुंबई, (सं.)** राज्य में मंदिरों (देवस्थानों) की जमीनों पर बड़े पैमाने पर कब्जा किया गया है. देवस्थानों की भूमि वापस मिले तथा देवस्थानों की भूमि पर कब्जा करने की घटनाएं रुकें, इसके लिए गुजरात की तर्ज पर महाराष्ट्र में 'एंटी लैंड ग्रैबिंग एक्ट' लागू किया जाए, ऐसी मांग महाराष्ट्र मंदिर महासंघ ने राज्य सरकार से की थी. महासंघ की मांग पर विधि एवं न्याय राज्यमंत्री एड. आशीष जयसवाल ने मंत्रालय में विशेष बैठक आयोजित की. इस अवसर पर देवस्थानों की हड़पी गई जमीनों का पता लगाने के लिए सर्वेक्षण कर जिलेवार सूची तैयार करने तथा विधि व न्याय विभाग को 'एंटी लैंड ग्रैबिंग एक्ट' का मसौदा तैयार करने के निर्देश राज्यमंत्री जयसवाल ने दिए हैं. बैठक में महाराष्ट्र मंदिर महासंघ के राष्ट्रीय समन्वयक सुनील घनवट, श्री भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग देवस्थान के अध्यक्ष अधिवक्ता सुरेश कौदरे, विदर्भ देवस्थान समिति और मंदिर महासंघ की कोर टीम के सदस्य अनूप जयसवाल, ह.भ.प. दत्तात्रय महाराज चोरगे, दत्तात्रय कौदरे, विलास सावंत, शिवराम देसाई, विजय पाटिल, प्रकाश चालके, सुरेश भोवणे, महेश कात्रे सहित प्रमुख देवस्थानों के ट्रस्टी और मंदिर प्रतिनिधि उपस्थित रहे.



### सिंधुदुर्ग के देवस्थानों के लिए स्वतंत्र ट्रस्टी मंडल

वर्ष 1969 में सिंधुदुर्ग जिले के 245 देवस्थान 'पश्चिम महाराष्ट्र देवस्थान व्यवस्थापन समिति' को सौंप दिए गए थे. इस कारण देवस्थानों के कार्यों के लिए सिंधुदुर्ग के मंदिरों के पारंपरिक पुजारियों और सेवा धारियों को बार-बार 150 किलोमीटर दूर कोल्हापुर जाना पड़ता है. देवस्थान समिति से कोई सहायता नहीं मिलती. ऐसी कई कठिनाइयों को राज्यमंत्री जयसवाल ने इस अवसर पर समझा. सिंधुदुर्ग जिले के देवस्थानों को पश्चिम महाराष्ट्र देवस्थान व्यवस्थापन समिति से मुक्त कर धर्मादाय आयुक्त के अधीन एक स्वतंत्र ट्रस्टी मंडल नियुक्त करने के लिए विधि व न्याय विभाग के प्रधान सचिव को प्रस्ताव प्रस्तुत करने के निर्देश राज्यमंत्री ने दिए.

### 7/12 से नाम हटाने का मुद्दा भी लोगों ने उठाया

रत्नागिरी-कोंकण के देवस्थानों की 'देवराई' और 'देवराहाटी' के नाम से पहचानी जाने वाली हजारों एकड़ भूमि को देवस्थानों के 7/12 के उद्धरण से हटाकर अवैध रूप से महाराष्ट्र सरकार के नाम पर दर्ज किए जाने का गंभीर मामला भी उठाया गया. सर्वोच्च न्यायालय के अनधिकृत पूजा स्थलों के संदर्भ में दिए गए निर्णय का गलत अर्थ निकालकर सीधे देवस्थानों की भूमि हड़पने का षड्यंत्र 2018 से चल रहा है. इस पर राज्यमंत्री ने कितने 7/12 से देवस्थानों के नाम हटाए गए, देवस्थानों के नाम पर कितनी भूमि थी, इसका सर्वेक्षण करने के आदेश दिए. साथ ही इसमें धर्मादाय आयुक्त को जांच करने के लिए कहा गया है. उन्होंने देवस्थानों के ट्रस्टियों को आश्वासन देते हुए कहा कि कानून से बाहर जाकर किसी को कुछ भी करने की अनुमति नहीं दी जाएगी.

### मंदिरों की रक्षा करना सरकार का दायित्व

- देवस्थानों को पूजा-अर्चना और देवकार्यों में कोई बाधा न आए, इसलिए राजा-महाराजाओं तथा अन्य लोगों द्वारा दी गई कृषि भूमि को पुजारी, सेवाधारी, ट्रस्टी या कोई तीसरा व्यक्ति बेच नहीं सकता है और न ही किसी अन्य के नाम पर कर सकता है, ऐसे सर्वोच्च न्यायालय के कई निर्णय हैं. उनका संरक्षण करना शासन और न्यायालय का दायित्व है.
- इसके उपरांत राज्य के कई देवस्थानों की हजारों एकड़ भूमि अवैध रूप से बेचे जाने की घटनाएं घटी हैं और घट रही है. इस संबंध में राज्य में केवल दीवानी मुकदमे दायर किए जा सकते हैं, किंतु इन घटनाओं को रोकने के लिए गुजरात, कर्नाटक, असम, ओडिशा, तमिलनाडु जैसे कई राज्यों ने आपराधिक दंड देने वाले 'एंटी लैंड ग्रैबिंग कानून' बनाए हैं. महाराष्ट्र में ऐसे आपराधिक स्वरूप के कठोर कानून न होने के कारण भू-माफियाओं को बढ़ावा मिला है. ऐसे कानून बनाने के संबंध में सर्वोच्च न्यायालय के भी आदेश हैं, यह प्रमाणों के साथ सरकार के ध्यान में लाया गया.

**तैयारी :** बोरीवली, कॉटन ग्रीन, वडाला में मंचन

# कल से दूसरे दौर की रामलीला का आगाज

■ **मुंबई, (सं.)** शारदीय नवरात्रि के दौरान मुंबई में विभिन्न स्थानों पर कई रामलीला मंडलों ने रामलीला का आयोजन किया था. गुरुवार को विजयादशमी के दिन रावण दहन के बाद पहले दौर की रामलीला का समापन हो गया. अब मुंबई में दूसरे दौर की रामलीला 5 अक्टूबर से शुरू हो रही है और 15 अक्टूबर को रामलीला का समापन किया जाएगा. एक रामलीला बोरीवली पश्चिम स्थित पं. रामजस उपाध्याय रामलीला मैदान आयोजित की गई है तो दूसरी रामलीला कॉटन ग्रीन पूर्व स्थित राम मंदिर के पास आयोजित की गई है.15 अक्टूबर को उक्त दोनों स्थानों पर विराट कवि सम्मेलन भी आयोजित किया गया. इसी प्रकार रामलीला उत्सव समिति के अध्यक्ष राकेश पांडेय द्वारा वडाला में 6 अक्टूबर से रामलीला का मंचन शुरू किया जाएगा. कॉटन ग्रीन पूर्व में श्री आदर्श रामलीला समिति द्वारा श्री रामलीला महोत्सव का कार्यक्रम 5 से 15 अक्टूबर को श्रीराम मंदिर के पास होगा.



### 15 को कवि सम्मेलन

- रामलीला के अध्यक्ष एवं कॉटन ग्रीन उपसमिति के अध्यक्ष राधेश्याम मिश्रा, संयोजक आरबी गुप्ता, उपाध्यक्ष विमलधर दुबे, ओमप्रकाश पांडेय, वृंदावन शुक्ला, जिलाजीत सिंह, प्रतीक मिश्रा, व्यवस्थापक कमेटी के संजीव शेट्टी, भोलेनाथ गुप्ता और विजयनाथ तिवारी सहित अन्य पदाधिकारियों ने रामलीला की व्यापक तैयारी की है.
- इसी प्रकार श्री आदर्श रामलीला उपसमिति, बोरीवली पश्चिम स्थित पं. रामजस उपाध्याय रामलीला मैदान में रामलीला आयोजित की गई है. बोरीवली में अध्यक्ष रामकृपाल उपाध्याय और एड. जयप्रकाश मिश्रा के मार्गदर्शन आयोजित की गई है.

**# NEWS विंडो**

### साइबर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**मीरा-भाईंदर.** मीरा-भाईंदर वसई-विरार पुलिस आयुक्तालय के निर्देशानुसार नागरिकों में साइबर जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से श्री पद्मावती नगर उत्सव मंडल, 150 फीट रोड, भाईंदर पश्चिम में साइबर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया. कार्यक्रम में 5 से 70 वर्ष की आयु के लगभग 400 नागरिक और बच्चे उपस्थित थे. साइबर पुलिस स्टेशन के पुलिस उपनिरीक्षक प्रसाद शेनोलकर ने नागरिकों को वर्तमान में बढ़ रहे साइबर अपराध, सोशल मीडिया से जुड़े अपराध, ऑनलाइन सुरक्षा उपाय और साइबर अपराध होने पर शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी दी.

# गौवंश बचेगा तो ही सनातन धर्म सुरक्षित रहेगा : विवेक

■ **मुंबई, (सं.)** फिल्म अभिनेता विवेक ओबेरॉय ने गौवंश और सनातन धर्म पर कहा है कि हमारे देश का आधार गौमाता है. अगर गौवंश रहेगा तो ही सनातन धर्म सुरक्षित रहेगा. ओबेरॉय ने यह बात भारत के पहले गौ वंश पर आधारित 'गऊ भारत भारती' की 11वीं वर्षगांठ पर 'राष्ट्र सेवा सम्मान समारोह' के आयोजन में कही. जुहू इस्कॉन सभागार मुंबई में गुरुदेव आचार्य लोकेश मुनि की अध्यक्षता और फिल्म अभिनेता विवेक ओबेरॉय के मुख्य अतिथित्व में यह कार्यक्रम हुआ. अन्य अति विशिष्ट अतिथियों में सद्गुरु डॉ. दयानिधि, विनय गोपाल सिंह, महेंद्र संगोई, सुनील सेठ और विशेष तौर पर हैदराबाद से आए ज्योतिषाचार्य कल्याण शास्त्री भी उपस्थित रहे. गुरुदेव आचार्य लोकेश मुनि ने भी गऊ भारत भारती और उसके संस्थापक संजय अमान के कार्यों की सराहना की. इस अवसर पर उद्योगपति में विनय गोपाल सिंह, महेंद्र संगोई और साहित्य, समाजसेवा के क्षेत्र में सराहनीय काम करने वालों को राष्ट्र सेवा सम्मान से सम्मानित किया.



**कार्यक्रम :** हरियाणा के राज्यमंत्री जाकिर हुसैन की रही मौजूदगी

# वर्सोवा में स्वास्थ्य शिविर

■ **मुंबई, (सं.)** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में पूरे देश में मनाए गए सेवा पखवाड़ा के तहत सत्यवादी संस्था के प्रमुख एवं बीजेपी महाराष्ट्र अल्पसंख्यक विभाग के उपाध्यक्ष एसएम खान के नेतृत्व में वर्सोवा विस क्षेत्र के आनंद नगर वार्ड क्रमांक-61 स्थित भाजपा कार्यालय के सामने हार्ट, अस्थमा, डायबिटीज जैसी अनेक बीमारियों की जांच को लेकर मुफ्त स्वास्थ्य शिविर का आयोजन और चश्मा वितरण किया गया. कार्यक्रम में प्रमुख अतिथि हरियाणा के राज्य मंत्री तथा अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष चौधरी जाकिर हुसैन, उत्तर पश्चिम जिला भाजपा अध्यक्ष ज्ञानमूर्ति शर्मा, मुंबई अल्पसंख्यक मोर्चा के अध्यक्ष वसीम खान के हाथों सैकड़ों लोगों को चश्मा दिया गया. इस मौके पर मंडल अध्यक्ष विजय पाठक, वर्सोवा मंडल अध्यक्ष स्नेहित नागा, संजय साहनी, रितेश यादव, राजेंद्र कुमार दुबे,पंकज शर्मा, सैयद आरिफ हयात, सुमित राजीव चौहान आदि उपस्थित थे. खान ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत का पूरे विश्व में डंका बज रहा है. विश्व के ताकतवर देशों में भारत का नाम दर्ज हो चुका है. आज भारत आत्मसम्मान और आत्मनिर्भर के साथ खड़ा है. वह दिन दूर नहीं, जब हमारे देश का पूरे विश्व में प्रथम स्थान पर परचम लहराएगा.





### नवग्रह पूजा व हवन

**विरार.** कृष्णा रेजीडेंसी, विवा वृंदावन टाउनशिप में दुर्गा पूजा अष्टमी पर भव्य नवग्रह पूजा एवं हवन का आयोजन किया गया. इस धार्मिक कार्यक्रम में सोसाइटी के सदस्य बड़ी संख्या में शामिल हुए और देवी मां से सुख, समृद्धि व मंगलकामना की प्रार्थना की. आयोजन सोसाइटी के सेक्रेटरी एवं समिति सदस्यों तथा सांस्कृतिक समिति द्वारा किया गया. इस अवसर पर मुखेश सिंह, अवध किशोर महतो, दयानंद सूर्यवंशी सहित सोसाइटी के अन्य पदाधिकारी व निवासी उपस्थित रहे. समिति सदस्यों ने उपस्थित भक्तों का आभार व्यक्त किया और आयोजनों को आगे भी जारी रखने का संकल्प दोहराया.

# भक्ति भाव से ओत प्रोत महिषासुर मर्दिनी



■ **मुंबई, (सं.)** विजयदशमी पर डायरेक्टर मनोज गिरी प्रोडक्शन का धार्मिक एपिसोड महिषासुर मर्दिनी लंबे इंतजार के बाद आखिरकार जनता के बीच आ ही गया, जो 21 एपिसोड का है, जिसमें मशहूर गायक सुरेश वाडकर, साधना सरगम और सतीश देहरा की सुमधुर भक्ति भाव से ओतप्रोत आवाज सुनने के बाद अपनी तरफ आकर्षित करने लगता है. जनता की मांग पर धार्मिक एपिसोड महिषासुर मर्दिनी बनाया गया है, जिसमें माता रानी के 9 रूपों को अलग-अलग दर्शाया गया है, जो अत्यंत मनमोहक और ऊर्जा व शक्ति प्रदान करने वाला है, यह एक धार्मिक सीरियल है, जिसे कैप्टन टीवी चैनल पर देखा जा सकता है, जिसका प्रसारण शाम 6 बजे से विविध चैनलों पर किया जा रहा है. इस एपिसोड को महाराष्ट्र के अलावा बिहार और झारखंड में भी देखा जा सकता है.

**आयोजन :** पूर्व सांसद गोपाल शेट्टी रहे उपस्थित

# कांदिवली में दशहरा महोत्सव



■ **कांदिवली, (सं.)** पोइसर जिमखाना एवं युवक मंडल के संयुक्त तत्वावधान में दशहरा महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया. सप्ताह क्रीड़ा मैदान, कमला विहार स्पोर्ट्स क्लब के सामने, महावीर नगर, कांदिवली (प.) में हुए उत्तर मुंबई के पारंपरिक और लोकप्रिय आयोजन में उत्तर मुंबई के पूर्व सांसद गोपाल शेट्टी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे. घमंड, बुराई और अन्याय के प्रतीक रावण के पुतले के दहन के उपरांत पूर्व सांसद गोपाल शेट्टी ने उपस्थित विशाल जनसमूह को संबोधित किया. इस आयोजन में एड. जयप्रकाश मिश्रा, योगेश दुबे, युवक मंडल अध्यक्ष गणेश बारे सहित अनेक प्रतिष्ठित व्यक्ति उपस्थिति रहे.

# मफतलाल छाजेड़ को नेताओं ने दी श्रद्धांजलि

■ **मुंबई, (सं.)** स्व. मफतलाल हंजारीमल छाजेड़ की स्मृति में आयोजित शोकसभा में समाज का अभूतपूर्व स्नेह और श्रद्धा उमड़ पड़ी. इस अवसर साधु-भगवंतो, कैबिनेट मंत्री मंगलप्रभात लोढ़ा, सांसद मिलिंद देवड़ा, विधायक अमीन पटेल, पूर्व मंत्री राज के. पुरोहित एवं पूर्व नगरसेवक अतुल शाह समेत सैकड़ों समाजसेवी, भामाशाह और मेटल बाजार के व्यापारियों सहित मारवाड़ी समाज के छत्तीस कौम के लोगों ने उपस्थित होकर श्रद्धा सुमन अर्पित किए. फेडरेशन ऑफ एसोसिएशन ऑफ महाराष्ट्र के अध्यक्ष जीतेन्द्र शाह के पिता की शोक सभा रखी गई थी.



**मारवाड़ी समाज के छत्तीस कौम के लोगों ने किया याद**



# गांधी जयंती पर कवि सम्मेलन

### माटुंगा में हुआ आयोजन

■ **मुंबई, (सं.)** गांधी जयंती और हिंदी पत्रिका सम्राट इनफार्मेशन की स्थापना दिवस पर सेंट्रल माटुंगा स्थित मैसूर ऑडिटोरियम में अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया. कवि सम्मेलन में हास्य कवि सुरेश मिश्र के सफल संचालन व गीतकार पं. के.एस. मिश्र पूर्व अतिरिक्त आयुक्त की अध्यक्षता में हाशिम फिरोजाबादी, महेंद्र मधुर (इंदौर), कुंवर जावेद (कोटा), माधुरी किरण, बालाघाट, कामता माखन रीवा और विजय प्रकाश शुक्ल ने अपनी कविताओं से मंत्रमुग्ध कर दिया. दशहरे पर आयोजित कवि सम्मेलन में डॉ. कीर्ति पटेल,दीपक कुमार लाला (एमडी एसबी आई), अखिलेश पांडेय (जीएसटी कमिश्नर), दीपक कुमार गुप्ता (एफजीएम इंडियन बैंक), विवेक पांडेय (कमिश्नर), रवींद्र सिंह (क्षेत्रीय प्रबंधक इंडियन बैंक), ए.के. सिंह, वीपी शुक्ला ,दीपक बक्षी, डॉ. रमेश शर्मा, राजेंद्र पांडेय सहित भारी संख्या में साहित्य रसिक उपस्थित रहे.

# कर्मयोगी सेवा केंद्र का उद्घाटन

■ **पालघर, (सं.)** महाराष्ट्र सरकार के छत्रपति शिवाजी महाराज महाराजस्व अभियान के तहत 'सेवा पखवाड़ा' के अवसर पर पालघर जिले के कंचाड जिला परिषद स्कूल में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इस अवसर पर कंचाड में आदि कर्मयोगी सेवा केंद्र का उद्घाटन किया गया. साथ ही, पात्र परिवारों को अतिक्रमित आवासीय भूखंडों के स्वामित्व पत्रों का वितरण, जहां स्कूल वहां दाखिला अभियान के अंतर्गत प्रतिनिधिक पत्रों का वितरण, नए आवास निर्माण कार्यों का निरीक्षण और सड़क सीमांकन तथा प्रधानमंत्री जनमन योजना के अंतर्गत कातकरी बंधुओं के गृह प्रवेश में शामिल होकर उनसे संवाद साधना जैसे कार्यक्रम संपन्न हुए.इस अवसर पर अतिथियों ने हमरापुर में समृद्धि पंचायत राज मिशन के अंतर्गत स्वयं सहायता समूहों के विभिन्न उत्पादों की प्रदर्शनी को भी भेंट दी.



**शिविर :** राष्ट्रीय स्वैच्छिक रक्तदान दिवस पर मिला 'अवार्ड ऑफ एक्सलन्स'

# संत निरंकारी मिशन का सम्मान

■ **मुंबई, (सं.)** संत निरंकारी मिशन की सामाजिक शाखा संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन वर्षों से देश-विदेश के विभिन्न हिस्सों में नियमित रूप से स्वैच्छिक रक्तदान शिविरों का सफल आयोजन करती आ रही है. यह सेवा-यात्रा एक सतत एवं समर्पित प्रयास के रूप में जारी है. मानव सेवा के इसी उत्कृष्ट योगदान के लिए राष्ट्रीय स्वैच्छिक रक्तदान दिवस पर ब्लड ट्रांसफ्यूजन काउंसिल द्वारा संत निरंकारी मंडल को अवार्ड ऑफ एक्सलन्स का विशेष सम्मान प्रदान किया गया,जिसे मंडल के महासचिव सुखदेव सिंह ने स्वीकार किया. इस अवसर पर मिशन के मेडिकल सर्विस कोऑर्डिनेटर डॉ. नरेश अरोड़ा की गरिमामयी उपस्थिति रही. सम्मान ग्रहण करते हुए सुखदेव ने कहा कि संत निरंकारी मिशन सतगुरु माता सुदीक्षा महाराज के मार्गदर्शन में सदैव समाज कल्याण हेतु प्रतिबद्ध रहा है. रक्तदान एक ऐसा पवित्र कार्य है, जो न केवल जीवन बचाता है, बल्कि मानवता की भावना को भी सशक्त करता है. यह सेवा बाबा हरदेव सिंह द्वारा दिए गए दिव्य संदेश 'रक्त नाड़ियों में बहे, नालियों में नहीं' की प्रेरणा से प्रारंभ हुई थी.



### नगर में आज

**प्रदर्शनी**

- **नेशनल गैलरी ऑफ मॉडर्न आर्ट एवं गैलरी स्प्लैश :** समानांतर रेट्रोस्पेक्टिव प्रदर्शनी, स्थान- सिट काउवसजी जहाँगीर पब्लिक हॉल, एम.जी. रोड, फोर्ट, 12 अक्टूबर तक, समय- सुबह 11 से 6 बजे तक.
- **फार्माएक्स एक्सपो :** स्थान- बॉम्बे प्रदर्शनी केंद्र, नेस्को, गोरेगांव पूर्व, समय- सुबह 10 से शाम 6 बजे तक.
- **लिमिटेड संस्करण मुंबई प्रदर्शनी :** स्थान- अकलिफा, 6/4 विद्यानिधि मार्ग, जेवीपीडी स्कीम-मॉडल टाउन सोसाइटी, विले पार्ले पश्चिम, समय- सुबह 10.30 से शाम 7.30 बजे तक
- **आईजेएस इंडिया ज्वैलरी शो :** स्थान- 121 रोड नंबर 10, जवाहर नगर, गोरेगांव पश्चिम, 5 अक्टूबर तक, समय- सुबह 11.30 से शाम 7.30 बजे तक.

**मनोरंजन**

- **एआर रहमान की क्लासिक्स कार्यक्रम :** स्थान- विष्णुदास भावे नाट्यगृह, हिंदूराव पाटिल मार्ग, सेक्टर 16ए, वाशी, वाशी बस डिपो के सामने, नवी मुंबई, समय- रात 8.30 बजे.
- **इश्क सूफियाना :** स्थान- राष्ट्रीय प्रदर्शन कला केंद्र, जुबेदा बिल्डिंग, एनसीपीए मार्ग, नरीमन पॉइंट, समय- शाम 8 बजे.
- **सदाबहार एस.डी. बर्मन के गीत :** स्थान- दीनानाथ मंगेशकर नाट्यगृह, नटवरिया दत्ता भट्ट मार्ग, मोंगीभाई रोड, विले पार्ले-पूर्व, समय- शाम 8.30 बजे .
- **पसंदीदा औरत नाट्य :** स्थान- सोफिया भाभा ऑडिटोरियम, सोफिया कॉलेज परिसर, बी. देसाई रोड, ब्रीच कैंडी, समय- शाम 7 बजे.

नवभारत CLASSIFIEDS
छोटा विज्ञापन, बड़ा फायदा

**अन्य**

■ वनविभाग को जिलानुसार लड़के/लड़कियों की पद संख्या-1180 वनरक्षक, फील्ड ऑफिसर, माली, वनसिपाही, ड्राइवर सैलरी (27500+56500) योग्यता 8वी- स्नातक रहना +खाना की सुविधाएं आधारकार्ड, मार्कशीट व्हाट्सएप करे (राजेश) 9208433816

**कर्ज**

■ भारत सरकार द्वारा प्रधानमंत्री रोजगार योजनां द्वारा मजदूर, किसान, शिक्षित युवा बेरोजगारों को मकान, दुकान, पर्सनल, प्रॉपर्टी/ लघुउद्योग लोन आधारकार्ड/ पॅनकार्ड पर उपलब्ध 2% ब्याज 50% छूट सभी को 8178449080.

■ समस्त भारत मै प्रधानमंत्री मुद्रा लोन योजना द्वारा पर्सनल रोजगार मार्कशीट मकान दुकान बिझनेस हेतु आधारकार्ड पैनकार्ड पर लोन उपलब्ध 2% ब्याज 50% छूट (नो फाइल चार्ज) 09354260963.

**नोटिस**

विज्ञापनों में प्रकाशित होने वाले सभी डिस्प्ले, क्लासीफाइड, निधन एवं अन्य विज्ञापनों के लिये इस समाचार पत्र की कोई जबावदारी नहीं है. पाठकों से निवेदन है कि विज्ञापन आजमाने के पूर्व कृपया अपने स्तर पर उसकी पुष्टि करके स्वयं को संतुष्ट कर लें.

**कार्यक्रम** | विशिष्ट मराठी भाषा सम्मान एवं सप्ताह दिवस पर बोले CM

# मराठी भाषा विशिष्ट है और सदैव रहेगी

■ **मुंबई, (सं.)** भाषा संस्कृति को जीवित रखने का माध्यम है. देश की प्रत्येक भाषा ने एक सांस्कृतिक विरासत दी है. सांस्कृतिक उत्थान में भाषा का विशेष महत्व है, इसलिए सभी को अपनी भाषा, मातृभाषा और अन्य भाषाओं को जीवित रखने का प्रयास करना चाहिए. हमारी मराठी भाषा पहले भी विशिष्ट थी, आज भी विशिष्ट है और भविष्य में भी विशिष्ट रहेगी. विशिष्ट मराठी भाषा सम्मान दिवस और विशिष्ट मराठी भाषा सप्ताह का उद्घाटन मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने शुक्रवार को प्रभादेवी स्थित रवींद्र नाट्य मंदिर में किया. वे इस अवसर पर उक्त विचार व्यक्त किए. इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर, मंत्री मंगलप्रभात लोढ़ा, उद्योग एवं मराठी भाषा मंत्री डॉ. उदय सामंत, विधान परिषद की उपाध्यक्ष डॉ. नीलम गोरहे, मुख्य पोस्टमास्टर जनरल अमिताभ सिंह आदि उपस्थित रहे.

**हर साल 200 से ज्यादा साहित्यिक सम्मेलन मराठी में :** मराठी का सम्मान हम सबका सम्मान है. यह उस माउली का सम्मान है, जिसने गांव से, घर से ओवसा गाया. यह रामप्रहरी में पधारे वासुदेव का सम्मान है. यह मंदिर से गूंजने वाली आरती, भजन-कीर्तन का सम्मान है. यह संतों की परंपरा, शाहिरों के पोवाड़ का सम्मान है. सीएम ने कहा कि संत ज्ञानेश्वर की अर्थपूर्ण दीपिका से लेकर बाबासाहेब आंबेडकर के दार्शनिक विचारों तक, यह ऐसे सभी विचारकों का सम्मान है. देश के पुस्तकालयों का 25 प्रतिशत महाराष्ट्र में है. हर साल 200 से ज्यादा साहित्यिक सम्मेलन मराठी में आयोजित किए जाते हैं. मुख्यमंत्री फडणवीस ने मराठी पर गर्व करते हुए कहा कि यह एकमात्र ऐसी भाषा है जो सभी प्रकार के विचारों को व्यक्त करती है और विभिन्न मंच प्रदान करती है.



### मराठी भाषा संस्कृति की प्राणवायु

मराठी केवल एक भाषा नहीं है, यह महाराष्ट्र की संस्कृति की प्राणवायु है. उद्योग एवं मराठी भाषा मंत्री डॉ. उदय सामंत ने कहा कि महाराष्ट्र सरकार ज्ञानेश्वर, तुकाराम और छत्रपति शिवाजी महाराज की इस भाषा को वैश्विक स्तर पर ले जाने के लिए निरंतर प्रयास करती रहेगी.

### विशेष डाक टिकट का अनावरण

इस अवसर पर रेडियो साक्षात्कार पर आधारित पुस्तक 'मराठीची ये कुटुकते', संदर्भ पुस्तकालय सूचना पुस्तिका और ओटीटी प्लेटफॉर्म के लिए अभिजात मराठी ऐप का विमोचन किया गया. इसके साथ ही अभिजात मराठी दिवस के अवसर पर भारतीय डाक विभाग द्वारा एक विशेष डाक टिकट और आवरण का अनावरण भी किया गया.



# आरएसएस ने मनाया शताब्दी वर्ष का शुभारंभ

■ **मीरा-भाईंदर, (सं.)** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसए) ने अपने शताब्दी वर्ष की शुरुआत भाईंदर (प.) में भव्य विजयादशमी उत्सव के साथ की. इस अवसर पर शहर के स्वयंसेवक एवं बड़ी संख्या में उपस्थित थे. कार्यक्रम में उद्योगपति नटवर दाऊदयाल डागा मुख्य अतिथि और लक्ष्मीकांत नकाशे मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित थे. 1925 में विजयादशमी के दिन डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार द्वारा स्थापित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने आज 100 गौरवशाली वर्ष पूर्ण किए हैं.

### 'पंच परिवर्तन' कार्यक्रम पर विशेष बल

विजयादशमी उत्सव, शक्ति, अनुशासन और सांस्कृतिक गौरव का प्रतीक होते हुए, इस वर्ष शताब्दी आरंभ के कारण विशेष महत्व का अवसर बना.स्वयंसेवकों ने पूर्ण गणवेश में शस्त्र पूजन किया और विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ. मुख्य वक्ता नकाशे ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने बीते शताब्दी में राष्ट्र निर्माण, समाज सेवा और सांस्कृतिक जागरण में उल्लेखनीय योगदान दिया है. संघ आने वाले वर्षों में 'पंच परिवर्तन' कार्यक्रम पर विशेष बल देगा, जिसमें पांच आयाम शामिल हैं.

CMYK



# BSUP लाभार्थियों का शीघ्र खत्म होगा वनवास


## जल्द मिलेगा पक्के घर: मंत्री सरनाईक

विनोद मिश्रा
www.navbharatlive.com

### पात्रों को सौंपी जाएंगी चाबियां

**मीरा- भाईंदर.** मीरा- भाईंदर मनपा क्षेत्र के जनता नगर स्लम में बीएसयूपी (बेसिक सर्विस फॉर अर्बन पुअर) योजना के अंतर्गत बने मकानों का लंबे समय से इंतज़ार कर रहे पात्र लाभार्थियों के लिए खुशखबरी है. उनका वनवास शीघ्र खत्म होगा. महाराष्ट्र राज्य के परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक ने घोषणा की है कि सभी आवश्यक कार्यवाही पूरी कर जल्द ही पात्र परिवारों को इन घरों की चाबियां सौंपी जाएंगी. योजना को लेकर लोगों में असंतोष बढ़ रहा था. मंत्री सरनाईक ने स्थिति की गंभीरता को देखते हुए मनपा और आवास विभाग के अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि तकनीकी समस्याओं का तुरंत समाधान किया जाए और चाबियां सौंपने की प्रक्रिया में कोई और देरी न हो.

### फर्जी आवंटनों पर सख्ती



बीएसयूपी योजना में यह भी सामने आया है कि कुछ आवास फर्जी लाभार्थियों के नाम पर आवंटित किए गए हैं. इस पर मंत्री सरनाईक ने नाराज़गी जताते हुए मीरा-भाईंदर एवं वसई-विरार के पुलिस उपायुक्त (अपराध शाखा) को जांच करने और दोषियों पर मामला दर्ज करने के निर्देश दिए हैं. उन्होंने स्पष्ट कहा कि 'गरीबों का हक़ मारने वालों को बख्शा नहीं जाएगा.'

### नागरिकों में उत्साह

इस घोषणा के बाद जनतानगर और आसपास के इलाकों में रह रहे नागरिकों में उत्साह का माहौल है. कई परिवारों का कहना है कि वर्षों से वे इस योजना का इंतज़ार कर रहे थे और अब उम्मीद है कि जल्द ही उन्हें अपना घर मिल जाएगा.

### बायोमेट्रिक सर्वेक्षण से बनेगी सटीक सूची

- पात्र नागरिकों की वास्तविक और सटीक पहचान सुनिश्चित करने के लिए मंत्री सरनाईक ने एक महीने के भीतर बायोमेट्रिक सर्वेक्षण पूरा करने का आदेश दिया है.
- इस सर्वेक्षण के बाद लाभार्थियों की फाइनल सूची तैयार होगी, जिससे किसी भी तरह की गड़बड़ी या फर्जीवाड़े की संभावना ख़त्म होगी.
- 'आवास समस्या का समाधान मेरी प्राथमिकता' मंत्री सरनाईक ने 'नवभारत' को बताया कि मीरा-भाईंदरकरों की आवास समस्या का स्थायी समाधान निकालना मेरी प्राथमिकता है.
- बीएसयूपी योजना के अंतर्गत हम पात्र परिवारों को सुरक्षित, पक्का और सम्मानजनक घर उपलब्ध कराएंगे. बहुत जल्द लाभार्थियों को चाबियां सौंपी जाएंगी और उनका वर्षों पुराना सपना पूरा होगा.

## मुंबई को मिलेगी 80 MW की ग्रीन एनर्जी

**मुंबई.** टाटा पावर ने नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में एक बड़ा कदम उठाते हुए अपनी सहायक कंपनी टाटा पावर रिन्यूएबल एनर्जी लिमिटेड और टाटा पावर मुंबई डिस्ट्रीब्यूशन के बीच बिजली खरीद समझौता (पीपीए) किया है. इस समझौते के तहत 80 मेगावाट की फर्म और डिस्पैचेबल रिन्यूएबल एनर्जी (एफडी आरई) परियोजना स्थापित की जाएगी, जिससे मुंबई में स्वच्छ और भरोसेमंद





बिजली की आपूर्ति सुनिश्चित होगी. यह परियोजना सौर, पवन और बैटरी स्टोरेज सिस्टम को एकीकृत कर पीक-आवर में भी स्थिर ऊर्जा आपूर्ति सुनिश्चित करेगी. अगले 24 महीनों में पूरा होने वाला यह प्रोजेक्ट सालाना लगभग 315 मिलियन यूनिट बिजली पैदा करेगा. अनुमान है इससे हर वर्ष 0.25 मिलियन टन से अधिक कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन में कमी आएगी. परियोजना की बड़ी खासियत यह होगी कि यह पीक-आवर के दौरान 4 घंटे तक बिजली आपूर्ति की गारंटी देगी, जिसमें 90% से अधिक उपलब्धता सुनिश्चित होगी. इस पहल से टाटा पावर मुंबई डिस्ट्रीब्यूशन को नवीकरणीय खरीद दायित्व को पूरा करने में भी मदद मिलेगी.

**निर्माण :** 16 मई 2026 को शुरू करने का मनपा का है लक्ष्य

# गोरेगांव-फिल्मसिटी ब्रिज जल्द

### खड़े किए जा चुके हैं 27 खंभे

■ **मुंबई, नवभारत न्यूज नेटवर्क.** मनपा द्वारा शहर की बढ़ती यातायात समस्या को हल करने के लिए शुरू किए गए गोरेगांव-मुलुंड लिंक रोड (जीएमएलआर) परियोजना के अंतर्गत गोरेगांव पूर्व स्थित दिंडोशी कोर्ट से दादासाहेब फालके फिल्मसिटी तक बनने वाला यह ब्रिज अब निर्माण के उन्नत चरण में पहुंच गया है. कुल 31 खंभों में से 27 खंभे खड़े किए जा चुके हैं, जबकि शेष चार खंभों का काम रत्नागिरी जंक्शन पर तेजी से चल रहा है. मनपा का लक्ष्य है कि इस ब्रिज को 16 मई 2026 तक पूरी तरह यातायात के लिए खोल दिया जाए. हाल ही में मनपा के अतिरिक्त आयुक्त (परियोजना) अभिजीत बांगर ने महापालिका मुख्यालय में इस परियोजना की प्रगति का आकलन किया. इस बैठक में प्रमुख अभियंता उत्तम श्रोते, कार्यकारी अभियंता नरेश मेघराजानी सहित कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे.




### 25 मिनट का होगा सफर

जीएमएलआर परियोजना उत्तर मुंबई के नागरिकों के लिए बेहद अहम मानी जा रही है. गोरेगांव-मुलुंड लिंक रोड शहर के पूर्वी और पश्चिमी उपनगरों को जोड़ने वाला चौथा प्रमुख मार्ग होगा. 12.20 किलोमीटर लंबी इस परियोजना के पूरा होने से ट्रैफिक जाम में भारी कमी आएगी. मनपा ने दावा किया है कि वर्तमान में जहां गोरेगांव से मुलुंड तक का सफर लगभग 75 मिनट में पूरा होता है, वहीं इस पुल के शुरू होने के बाद यह समय घटकर केवल 25 मिनट रह जाएगा.

### ईंधन और समय की होगी बचत

इससे न केवल नागरिकों को समय की बचत होगी, बल्कि ईंधन की खपत में कमी और वायु प्रदूषण स्तर में सुधार की भी उम्मीद है. दिंडोशी कोर्ट से शुरू होकर फिल्मसिटी तक जाने वाले इस छह लेन के ब्रिज की लंबाई 1,265 मीटर होगी. इसमें बॉक्स गर्डर और मजबूत कंक्रीट का उपयोग किया जा रहा है. यात्री सुविधा के लिए पैदल पुल और स्वचालित एस्केलेटर लगाए जाएंगे. मनपा के अनुसार, गर्डर लॉन्चिंग, डेक स्लैब डालने और एप्रोच रोड के निर्माण का काम 31 जनवरी 2026 (दिंडोशी की ओर) और 30 अप्रैल 2026 (फिल्मसिटी की ओर) तक पूरा कर लिया जाएगा. इसके बाद शेष कार्य 15 दिनों में समाप्त कर दिया जाएगा. मनपा अधिकारियों का कहना है कि इस ब्रिज का निर्माण पूरा होने के बाद उत्तर मुंबई की यातायात व्यवस्था को नई दिशा मिलेगी और नागरिकों को बड़ी राहत महसूस होगी.

# NEWS विंडो

### तिलकनगर पुलिस ने रिक्शा चोर को पकड़ा

**मुंबई.** तिलकनगर पुलिस ने एक रिक्शा चोर को गिरफ्तार किया है. पिछले दिनों पी एल लोखंडे मार्ग पर एक अज्ञात व्यक्ति के विरुद्ध भारतीय दंड संहिता की धारा 303(1) के अंतर्गत ऑटो रिक्शा चोरी करने का मामला दर्ज किया गया था. तिलकनगर पुलिस अधिकारी विजयसिंह देशमुख और टीम द्वारा आसपास के सभी सीसीटीवी की जांच की, जिसके बाद तुर्भे के रहने वाले राजू खरबान कनौजिया को नवी मुंबई को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया.

### सेंट ज़ेवियर्स से साझेदारी

**मुंबई.** टीच फॉर इंडिया और सेंट ज़ेवियर्स कॉलेज ने परिवर्तनकारी नेतृत्व में मास्टर डिग्री का कोर्स शुरू किया है. यह एक अद्वितीय दो वर्षीय पोस्ट ग्रेजुएट कार्यक्रम (4 सेमेस्टर)है, जो टीच फॉर इंडिया के फैलोज़ को कम संसाधनों वाले स्कूलों में पूर्णकालिक, सवेतन टीचिंग का कार्य करते हुए डिग्री प्राप्त करने का अवसर भी प्रदान करेगा. यह कम आय वर्ग के विद्यार्थियों के जीवन में परिवर्तन लाने का अवसर है, जो नेतृत्व कर्ताओं के रूप में उनका विकास करेगा और उन्हें दीर्घ कालिक उद्देश्य भी प्रदान करेगा.

MBMC: आयुक्त शर्मा का आदेश- रोजाना होगी कार्रवाई

## अवैध फेरीवालों पर मनपा सख्त

■ **मीरा-भाईंदर, (सं.)** मीरा-भाईंदर महानगरपालिका ने शहर की सड़कों और फुटपाथों पर कब्जा जमाने वाले अवैध फेरीवालों के खिलाफ बड़ा अभियान छेड़ दिया है. मनपा आयुक्त एवं प्रशासक राधाबिनोद ए. शर्मा ने साफ कहा है कि अब फेरीवालों के विरुद्ध कार्रवाई केवल दिखावे के लिए नहीं, बल्कि लगातार और सख्ती से की जाएगी. शुक्रवार को अतिक्रमण विभाग की समीक्षा बैठक में आयुक्त शर्मा ने उपायुक्त (मुख्यालय) कल्पिता पिंपले, सभी वार्ड सहायक आयुक्तों और यातायात पुलिस प्रतिनिधियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि शहर की भीड़भाड़, ट्रैफिक जाम और गंदगी के लिए जिम्मेदार अवैध फेरीवालों के खिलाफ प्रतिदिन अभियान चलाया जाए. आयुक्त ने कहा कि मनपा केवल हटाने की औपचारिक कार्रवाई कर रुकने वाला नहीं है, बल्कि यह मुहिम निरंतर चलेगी ताकि सड़कों पर अनुशासन और स्वच्छता बनी रहे.



### यातायात पुलिस के साथ समन्वय पर जोर

यातायात पुलिस को भी निर्देश दिया गया है कि अभियान के दौरान पूरा सहयोग दें, जिससे मुख्य सड़कों और चौराहों पर भीड़ कम हो सके. मनपा प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे इस कार्रवाई में सहयोग करें और साफ-सुथरे, सुरक्षित तथा व्यवस्थित शहर के निर्माण में साझेदारी निभाएं.

## पूर्वी उपनगरों में तीन दिनों तक पानी की होगी कटौती

**मुंबई.** मनपा ने घोषणा की है कि पिसे व पांजरापुर जलशुद्धिकरण केंद्र में विद्युत मीटर के अपग्रेड कार्य के चलते शहर के पूर्वी उपनगरों में तीन दिनों तक 10%पानी की कटौती की जाएगी. यह कटौती 7 अक्टूबर से 9 अक्टूबर 2025 तक लागू रहेगी. मनपा के अनुसार, जलशुद्धिकरण केंद्र में 100 किलोवॉट विद्युत केंद्र का मीटर बदलने का काम रोजाना दोपहर 12.30 बजे से 3.00 बजे तक किया जाएगा. इसके चलते तीन



दिनों तक शहर और पूर्वी उपनगरों में पानी आपूर्ति प्रभावित रहेगी.पानी कटौती से शहर के ए,बी,ई,एफ दक्षिण और एफ उत्तर विभाग पूरी तरह प्रभावित होंगे. वहीं, पूर्वी उपनगरों के एम पूर्व, एम पश्चिम, एल (कुर्ला पूर्व),एन (विक्रोली, घाटकोपर), एस (भांडुप, नाहूर, कांजूरमार्ग, विक्रोली पूर्व) और टी (मुलुंड पूर्व-पश्चिम) विभागों में भी 10% कटौती लागू रहेगी.

BJP उत्तर पश्चिम जिला कार्यालय का उद्घाटन

## महायुति का होगा महापौर



■ **मुंबई, (सं.)** मालाड पूर्व वेस्टर्न एक्सप्रेस हाइवे पर भाजपा उत्तर पश्चिम जिला कार्यालय का शुभारंभ हुआ. जिसका उद्घाटन भाजपा राष्ट्रीय सह संगठन मंत्री शिव प्रकाश और मुंबई अध्यक्ष अमित साटम के हाथों किया गया. इस मौके पर विशेष अतिथि के रूप में पूर्व सांसद गोपाल शेट्टी, विधायक विद्या ठाकुर, विधायक राजहंस सिंह व बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और स्थानीय जनता उपस्थित रही.

### उत्तर पश्चिम जिले से 30 सीटों की उम्मीद

शिव प्रकाश ने भाजपा द्वारा देश में किए गए कार्यों को गिनाया और कहा भाजपा का यह सीसे का कार्यालय नहीं है,बल्कि जनता की समस्याओं का समाधान करने वाला सेवालय होगा.वहीं अमित साटम ने जिला अध्यक्ष ज्ञान मूर्ति शर्मा को बधाई देते हुए कहा कि आगामी मनपा चुनाव में महायुति की 150 सीटें चुनकर आएगी, तो उसमें उत्तर पश्चिम जिले से 30 सीटें चुनकर आएगी. गोपाल शेट्टी ने भी कहा आगामी मनपा चुनाव में महायुति का महापौर बनना तय है.

## केवीआईसी की खादी रैली

■ **मुंबई, (सं.)** केवीआईसी खादी यात्रा 2025 ने सेंट कोलंबा गर्ल्स हाई स्कूल में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसका उद्घाटन खादी और ग्रामोद्योग आयोग की सीईओ रूप राशि और केवीआईसी के राज्य निदेशक योगेश भामरे द्वारा किया गया. खादी प्रतिज्ञा के साथ खादी रैली निकाली गई, जिसका नेतृत्व महात्मा गांधी की वेशभूषा में एक छात्र ने और हाईस्कूल की प्रधानाचार्य शुभदा केदारी ने किया.



### खादी अपनाने के लिए जागरुकता

समारोह की शुरुआत खादी प्रदर्शनी से हुई, जिसमें भारत के राष्ट्रीय ताने-बाने की स्वतंत्रता आंदोलन में इसकी उत्पत्ति से लेकर आज के फैशन और टिकाऊ जीवन में इसकी प्रासंगिकता तक की यात्रा को दर्शाया गया. छात्रों ने प्रतिष्ठित स्वतंत्रता सेनानियों की वेशभूषा में रैंप वॉक किया, जिसके बाद दैनिक जीवन में खादी को अपनाने पर एक भावपूर्ण कविता पाठ हुआ .विशिष्ट उपस्थित लोगों में एचडब्ल्यूएआरएफ एनजीओ पीटीए के मार्केटिंग निदेशक रायज़न एस. स्वामीनाथन और एनजीओ टीम की डॉ. दीपिका वस्ता शामिल थीं. फाउंडेशन की संस्थापक एवं ट्रस्टी क्रिस्टीन स्वामीनाथन और उनकी टीम खादी अपनाने के महत्व पर स्कूलों और कॉलेजों में जागरूकता फैलाने के लिए निरंतर काम कर रही हैं.

## मनपा अस्पतालों में होगा कैशलेस इलाज

**मुंबई.** मनपा ने नागरिकों को बेहतर और निःशुल्क स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है. मनपा के अंतर्गत आने वाले प्रमुख व उपनगरीय अस्पतालों तथा दवाखानों में अब इंटिग्रेटेड पेशंट्स हेल्थकेअर स्किम असिस्टन्स प्रणाली (इफ्सा) लागू की जा रही है. इस प्रणाली के माध्यम से मरीजों को विभिन्न केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ सीधे और कैशलेस तरीके से मिलेगा. फिलहाल मनपा अस्पतालों में आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जनआरोग्य योजना और महात्मा ज्योतिबा फुले जनआरोग्य योजना के अंतर्गत मरीजों को सेवाएं दी जा रही हैं, लेकिन इफ्सा के माध्यम से अब राष्ट्रीय आरोग्य निधि, हेल्थ मिनिस्टर डिसक्रिनिशरी ग्रांट, कर्मचारी राज्य विमा योजना जैसी योजनाओं का भी लाभ मरीजों तक पहुंचाया जाएगा.




MLA राजन नाईक की मांग पर बंदरगाह विकास मंत्री के आदेश

## विरार-सफले अतिरिक्त नाव सेवा शीघ्र

■ **विरार, (सं.)** राज्य के बंदरगाह विकास मंत्री नितेश राणे ने विरार और सफले को जोड़ने वाले जलमार्ग पर अतिरिक्त नाव सेवाएं शुरू करने का आदेश दिया है, जिससे मुंबई-अहमदाबाद राजमार्ग पर यातायात की भीड़भाड़ से राहत मिलेगी. इस संबंध में भाजपा विधायक राजन नाईक ने मुलाकात कर अतिरिक्त नावों की मांग की थी. राजमार्ग पर लगातार भीड़भाड़ के कारण विरार और पालघर तालुका के सैकड़ों यात्री नावों का उपयोग करना सुविधाजनक अनुभव कर रहे हैं. पिछले 5 महीनों से विरार-मरम्बल पाड़ा से सफले तक शुरू की गई यह सेवा नागरिकों द्वारा पसंद की जा रही है,क्योंकि इससे न केवल वाहन बल्कि यात्री भी पहुंच सकते हैं, लेकिन सीमित फेरियों के कारण यात्रियों को हो रही असुविधा को देखते हुए, विधायक नाईक ने मंगलवार को राज्य बंदरगाह विकास मंत्री राणे से एक और नाव को मंजूरी देने व अधिक फेरे शुरू करने की मांग की थी. मंत्री राणे ने मैरीटाइम बोर्ड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी को इस पर तत्काल कार्रवाई करने का आदेश दिया है.



"वडवान बंदरगाह से बड़े पैमाने पर जहाज़ों का आवागमन शुरू होगा. मंत्री नितेश राणे से मांग की गई कि इन जहाजों के निर्माण या मरम्मत के लिए पालघर तालुका के खरवादेशी और वसई तालुका के नारिंगी में कार्गो घाट/यार्ड स्थापित किए जाएं. मैरीटाइम बोर्ड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी को इस संबंध में सर्वेक्षण करने और एक प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए गए हैं. इन घाट से इस क्षेत्र में रोज़गार भी बढ़ेगा. इसलिए, हम एक कार्गो घाट के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं.

-राजन नाईक (विधायक, नालासोपारा)

### नवी मुंबई APMC मार्केट भाव

(भाव रुपए प्रति क्विंटल)

| | |
|---|---|
| चीनी (स्माल) | 3840-3860 |
| चीनी (मीडियम) | 3880-3950 |
| गेहूं अन्नपूर्णा | 3100-3120 |
| गेहूं लोकवन | 3300-3600 |
| गेहूं सुपर | 3700-4200 |
| गेहूं 496 मीडियम | 3100-3200 |
| गेहूं क्वालिटी टुकड़ा | 3500-3600 |
| गेहूं मिल क्वालिटी | 2800-2825 |
| चावल कोलम | 3600-5100 |
| चावल परमल | 3150-3170 |
| चावल बासमती | 6500-8300 |

(भाव रुपए प्रति 10 लीटर)

| | |
|---|---|
| मूंगफली तेल | 1385-1395 |
| सनफ्लावर तेल | 1400-1410 |
| पाम तेल | 1280-1300 |
| सरसों कच्ची घाणी | 1610-1620 |
| सोयाबीन तेल | 1290-1300 |
| राइसब्रान तेल | 1250-1280 |

## HPCL को स्कोप एमिनेंस अवार्ड

■ **मुंबई, नवभारत कनेक्ट.** महारत्न तेल उपक्रम हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) को निगम अभिशासन (कॉर्पोरेट गवर्नेंस) श्रेणी में प्रतिष्ठित स्कोप एमिनेंस अवार्ड 2022-23 से सम्मानित किया गया है. यह पुरस्कार राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा नई दिल्ली में आयोजित एक विशेष समारोह में प्रदान किया गया और एचपीसीएल के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक विकास कौशल ने इसे ग्रहण किया. यह सम्मान एचपीसीएल के नैतिक व्यावसायिक आचरण, सुदृढ़ अभिशासन तंत्र और पारदर्शिता पर अटूट ध्यान केंद्रण को उजागर करती है तथा भारत में एक विश्वसनीय ऊर्जा अग्रणी के रूप में इसकी स्थिति को सुदृढ़ करती है. स्टैंडिंग कॉन्फ्रेंस ऑफ पब्लिक एंटरप्राइजेज द्वारा स्थापित एमिनेंस पुरस्कार अभिशासन, संधारणीयता, सामाजिक उत्तरदायित्व और राष्ट्र निर्माण में सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों के उत्कृष्ट योगदान के लिए दिए जाते हैं.



बिना हॉलमार्क वाले आभूषण किए जब्त

## ज्वैलर्स पर BIS का छापा

व्यापार



■ **मुंबई, नवभारत न्यूज नेटवर्क.** भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) ने गोल्ड ज्वैलरी एवं गोल्ड आर्टिफैक्ट्स हॉलमार्किंग आदेश, 2020 के उल्लंघन पर कार्रवाई करते हुए मुंबई में एक स्वर्ण आभूषण विक्रेता पर छापे मार कर बिना हॉलमार्क वाले आभूषण जब्त किए हैं. प्राप्त सूचना के आधार पर पर बीआईएस की टीम ने सोनापुर, भांडुप स्थित अनमोल ज्वैलर्स पर यह कार्रवाई की है. बीआईएस को छापे के दौरान यह पाया कि अनमोल ज्वैलर्स ने बिना बीआईएस हॉलमार्क के सोने के आभूषण विक्रय हेतु प्रदर्शित किए थे. ऐसे 47 ग्राम सोने के आभूषण, बिना बीआईएस हॉलमार्क, छापे के दौरान पाए गए जब्त किए गए, क्योंकि बीआईएस अधिनियम 2016 की धारा 15(3) और 17(1)(a) का उल्लंघन किया गया है. धारा 15(3) एवं 17(1)(a) का उल्लंघन दो वर्ष तक की कैद या न्यूनतम 2 लाख रुपये के जुर्माने या दोनों से दंडनीय है.

### ताकि ग्राहकों के साथ धोखा ना हो

बीआईएस ने एक बयान जारी कर ग्राहकों से आग्रह किया है कि वे बीआईएस केयर ऐप का उपयोग करके यह पता करें कि कौन-कौन से उत्पाद बीआईएस प्रमाणन के अंतर्गत आते हैं, और किसी भी उत्पाद को खरीदने से पहले उस पर अंकित आईएसआई मार्क या हॉलमार्क की प्रामाणिकता बीआईएस की वेबसाइट पर जाकर सत्यापित कर लें, ताकि उनके साथ धोखा ना हो और शुद्ध उत्पाद प्राप्त हो सके.

## स्कूल बैडमिंटन टूर्नामेंट में खिलाड़ियों का दिखा उत्साह

■ **पालघर, (सं.)** जिला खेल अधिकारी पालघर एवं जिला क्रीड़ा परिषद द्वारा संयुक्त रूप से साथ ही सम्राट अकादमी एवं मोरे अकादमी के सहयोग से जिला क्रीड़ा संकुल में आयोजित अंडर-14, अंडर-17 एवं अंडर-19 आयु वर्ग के लड़कियों - लड़कों के टीमों एवं व्यक्तिगत मुकाबलों ने दर्शकों का दिल जीत लिया.



### उत्कृष्ट खेल भावना का प्रदर्शन

इस प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न विद्यालयों के खिलाड़ियों ने अपनी उत्कृष्ट खेल भावना का प्रदर्शन किया और प्रतिस्पर्धात्मक मुकाबले खेले. लड़के और लड़कियों ने अपनी खेल भावना और दृढ़ संकल्प का परिचय देते हुए भविष्य में राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी बनने की अपनी क्षमता का परिचय दिया.

**जन समस्या** | कूड़े-कचरे का अंबार, लोग गंदगी से होकर चलने पर मजबूर

# प्रेमनगर में स्वच्छता मिशन पूरी तरह फेल

■ **मुंबई, नवभारत न्यूज नेटवर्क.** स्वच्छ मुंबई अभियान के नाम पर मुंबई मनपा लाखों रुपए खर्च कर रही है. झोपड़पट्टियों में दत्तक बस्ती के तहत सफाई कर्मियों को रखा गया है, लेकिन स्वच्छता मिशन पूरी तरह से फेल नजर आ रहा है. गोरेगांव (पश्चिम) प्रेमनगर के विश्वकर्मा रोड पर थोड़ी-थोड़ी दूरी पर कचरे के ढेर लगे हैं. गंदगी के कारण जहां लोगों को बदबू का सामना करना पड़ रहा है, वहीं मच्छर पनपने से बीमारियां फैलने लगी हैं. कई जगहों पर गंदे पानी के भराव से भी लोगों को आवागमन में परेशानी हो रही है. प्रेम नगर में करीब 15 हजार झोपड़पट्टियां हैं, जिसकी जनसंख्या करीब 28 हजार है. स्थानीय नागरिकों ने बताया कि कई जगहों पर कचरा पेटी रखी गई है, लेकिन कचरे का नियमित निपटान नहीं होने के कारण कचरा पेटी के आसपास का कूड़ा सड़क पर चारों ओर फैला रहता है. स्थिति इतनी खराब हो चुकी है कि स्थानीय नागरिकों के अलावा इस रास्ते से आने जाने वाले राहगीर भी कचरे के ढेर की बदबू और गंदगी से परेशान हैं.





"प्रेम नगर में जगह-जगह गंदगी का ढेर आम जनजीवन के लिए नासूर बन चुका है. यहां पर कई महीनों से गंदगी फैली हुई है, जिससे न सिर्फ स्थानीय लोगों का जीवन प्रभावित हो रहा है, बल्कि मुंबई शहर की छवि भी खराब हो रही है.

- अखिलेश यादव



"इस सड़क से प्रतिदिन हजारों की संख्या में लोग गुजरते हैं और उन्हें इस गंदगी से होकर गुजरना पड़ता है. बीएमसी की ओर से रखी गई कचरा पेटी अब गंदगी का अड्डा बन चुकी है. कचरा पेटी के आसपास का कूड़ा सड़क पर चारों ओर फैला रहता है.

- संतलाल विश्वकर्मा



"यहां की स्वच्छता व्यवस्था गंभीर सवालों के घेरे में है. कई स्थानों पर महीनों से कचरे का ढेर जमा हैं, जिससे स्थानीय नागरिकों की जीवनशैली प्रभावित हो रही है. स्थानीय जनप्रतिनिधि नहीं होने से बीएमसी अधिकारी हमारी शिकायतों को नहीं सुनते हैं.

- पांचूराम जायसवाल

### स्थानीय नागरिकों में बढ़ी नाराजगी

लोगों का कहना है कि इस झोपड़पट्टी में साफ़-सफाई के लिए सफाई कर्मचारी तो रखे गए हैं, लेकिन वे कभी कभार ही दिखाई देते हैं. यहां की झोपड़पट्टियों में भी साफ़-सफाई का भी बुरा हाल है. गलियों में कूड़े कचरे के ढेर के साथ बड़ी मात्रा में कचरा नालियों में भरा पड़ा है, जिससे जगह-जगह पानी की निकासी बंद हो गई है. रहिवासियों के मुताबिक उन्होंने स्वयं के पैसे से मजदूर बुलवाकर अपने घर के आसपास की साफ-सफाई करवा रहे हैं. स्थानीय नागरिकों ने बीएमसी से साफ-सफाई को लेकर कई बार शिकायत की है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो सकी है. विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं ने भी इस क्षेत्र की साफ़-सफाई को लेकर बीएमसी अधिकारियों से आग्रह किया, मगर उनका प्रयास भी बेअसर साबित हुआ है. बीएमसी ने कुछ महीने पहले साफ़-सफाई को लेकर एक विशेष अभियान चलाया था, लेकिन निरंतर सफाई नहीं होने से इस क्षेत्र में कचरे का ढेर बनते जा रहा है, जिससे स्थानीय नागरिकों में नाराजगी लगातार बढ़ रही है.

## गोवंडी और बांद्रा से 4 मोटरसाइकिल चोरी

### चोरी की बढ़ती घटना से मुंबईकर परेशान

■ **मुंबई, (सं.)** मुंबई के गोवंडी के शिवाजी नगर और बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स (बीकेसी) में बाइक चोरी की घटनाओं ने पुलिस और शहरवासियों की नींद उड़ा दी है. पुलिस सूत्रों के मुताबिक, शहर में एक दर्जन से अधिक मोटरसाइकिल चोरी की घटनाएं सामने आई हैं, लेकिन कई मामलों में शिकायत दर्ज न होने से पुलिस की मुश्किलें और बढ़ गई हैं. शिवाजी नगर पुलिस थाने के अधिकार क्षेत्र में एक होंडा डीओ, होंडा कंपनी की एक अन्य बाइक और एक एक्टिवा चोरी होने की घटना सामने आई है. वहीं, बीकेसी से एक होंडा एक्टिवा चोरी होने की शिकायत दर्ज की गई है. इन घटनाओं ने आम मुंबईकरों, बल्कि पुलिस के लिए भी सिरदर्द बन गया है. स्थानीय निवासी, शमीम शेख ने बताया की घर के सामने खड़ी बाइक चोरों ने मौके का फायदा उठाकर चुरा लीं है और दो साल बाद भी कोई खबर नहीं मिली है. इसी तरह किशोर जायसवाल के साथ भी ऐसा हुआ है.पुलिस ने इन सभी मामलों में अज्ञात चोरों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है और जांच शुरू कर दी है.हालांकि, कई मामलों में पुलिस की ओर से पीड़ितों को पहले बाइक तलाशने और फिर शिकायत दर्ज करने की सलाह दी गई, जिससे लोगों में नाराजगी देखी जाती है. एक पुलिस अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर बताया, कई बार चोर गाड़ियों को शहर से बाहर ले जाते हैं या उनके पाट्‌र्स बेच देते हैं, जिससे रिकवरी ुश्किल हो जाती है.



**04** अज्ञात चोरो के खिलाफ केस दर्ज

## गोंसाल्वेस के गोल से जीता सेंट जेवियर

**मुंबई.** एलीमर गोंसाल्वेस ने निर्णायक एकमात्र विजयी गोल किया, जिससे सेंट फ्रांसिस जेवियर, वसई ने 45वें विलिंगडन कैथोलिक जिमखाना रिंक फुटबॉल टूर्नामेंट के पहले दौर के मैच में सेंट जॉन द इवेंजेलिस्ट के खिलाफ 1-0 गोल से जीत दर्ज की. यह मैच डब्ल्यूसीजी टेनिस कोर्ट में फ्लडलाइट्स में खेला गया.बाद में पहले दौर के एक कड़े मुकाबले में आवर लेडी ऑफ हेल्थ, वर्सोवा ने आवर लेडी ऑफ ग्लोरिया को 2-1 से हराकर दूसरे दौर में प्रवेश किया. स्ट्राइकर चेतन सोलंकी और प्रतीक वापिलकर ने विजेता टीम के लिए एक-एक गोल दागकर शानदार शुरुआत की. इस बीच कीगन कार्वाल्हो के दोहरे गोलों की बदौलत आवर लेडी ऑफ इजिप्ट, करीना ने सेंट जोसेफ 'ई', जुहू को एक रोमांचक मुकाबले में 3-2 से हराया. कार्वाल्हो के साथी एंथनी मचाडो ने तीसरा गोल किया, जबकि जेरार्ड परेरा ने जुहू की टीम के लिए दोनों गोल दागे.

**45वां WCG रिंक फुटबॉल टूर्नामेंट**

CMYK

# पेंच में फंसी मुंबई मनपा की परियोजना !

## डॉ. ई मोसेस रोड से वर्ली में सात रास्ता (महालक्ष्मी) तक ब्रिज बनाने का प्लान किया रद्द

■ **मुंबई, (सं.)** मनपा एक बार फिर प्रोजेक्ट की घोषणा करने के बाद पीछे हट गई, जिससे एक बार फिर इस पर सवाल खड़े हो गए हैं. दरअसल, डॉ. ई मोसेस रोड से वर्ली में सात रास्ता (महालक्ष्मी के पास) तक ब्रिज बनाने की योजना को रद्द कर दिया है. मनपा ने पुनर्वसन लागत बहुत अधिक होने का हवाला देते हुए इस प्रोजेक्ट को रद्द कर दिया है. यह योजना 500 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाले उस प्रोजेक्ट का हिस्सा थी, जिसमें दो पुलों का निर्माण शामिल था. मनपा ने बताया कि केसरवाव खाडये रोड से सात रास्ता तक पुल का काम जारी रहेगा, वहीं डॉ. ई मोसेस रोड से बनने वाले ब्रिज की योजना को रद्द किया गया है. अधिकारियों का कहना है कि इस प्रोजेक्ट के लिए पुनर्वसन की लागत ब्रिज निर्माण की लागत से कहीं ज्यादा आती. एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, "ब्रिज के रास्ते में बड़ी संख्या में आवासीय, वाणिज्यिक और धार्मिक ढांचे थे, साथ ही धोबी घाट भी आ रहा था. मनपा ने पुराने आरोबी के बोझ को कम करने और यातायात को आसान बनाने के लिए 2 पुल बनाने की योजना बनाई थी. पहला केसरवाव खाडये मार्ग से निकलने वाला ब्रिज सात रास्ता रेलवे ट्रैक पार करके डॉ. ई मोसेस रोड तक 803 मीटर लंबा और चार लेन का होगा. वहीं, डॉ. ई मोसेस रोड से बनने वाला पुल 639 मीटर लंबा और चार लेन का प्रस्तावित था.

**पुल योजना में बड़ी संख्या में बाधा थे ढांचे :** लेकिन डॉ. ई मोसेस रोड पुल योजना में बड़ी संख्या में ढांचे बाधा बन रहे थे. मनपा के अनुमानों के मुताबिक, इन संरचनाओं को हटाने और पुनर्वसित करने की लागत 235 करोड़ रुपये होती, जो पुल की निर्माण लागत 118 करोड़ रुपये से कहीं अधिक है. मनपा अधिकारी ने कहा, "विकल्पों में आने वाली संरचनाओं का पुनर्विकास, झुग्गीवासियों और धोबी घाट का पुनर्वसन शामिल था, लेकिन यह व्यावहारिक और संभव नहीं लगा. पुनर्वसन की लागत पुल की तुलना में दोगुनी होती. इसलिए हमने यह योजना रद्द कर दी है.



**118** करोड़ ब्रिज बनाने की लागत **235** करोड़ पुनर्वसन का आएगा खर्च



### मनपा ने फूड ट्रक नीति को निलंबित किया

मनपा की 2021 में तैयार की गई फूड ट्रक नीति को "व्यावहारिक" और "प्रशासनिक" अड़चनों का सामना करना पड़ा, जिसके बाद इसे निलंबित कर दिया गया है. बीएमसी के कार्यकारी स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा पिछले सप्ताह जारी एक परिपत्र में कहा गया कि "2021 में चल-फिर (मोबाइल) वाहनों द्वारा खाद्य वस्तुओं की बिक्री के लिए फूड ट्रक नीति लागू करने में विभिन्न बाधाएं आईं, और आज तक एक भी प्रस्ताव सफलतापूर्वक लागू नहीं हो सका है. इस पृष्ठभूमि में, परिपत्र में यह भी कहा गया कि 2021 में लागू हुई नीति को आगे के निर्देशों तक निलंबित रखा गया है. परिपत्र में बताया गया कि एक समिति का गठन किया जाएगा, जिसमें परिवहन विभाग, भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (FSSAI), अग्नि विभाग, सड़क-योजना, सार्वजनिक स्वास्थ्य और सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के सदस्य होंगे, ताकि एक नया समन्वित, स्वास्थ्य-अनुकूल और संगठित नीति तैयार की जाए.

### प्रस्ताव पर कार्रवाई नहीं

□ उपर्युक्त परिपत्र में यह भी कहा गया है कि फूड ट्रक से संबंधित किसी भी प्रस्ताव पर अभी कोई कार्रवाई नहीं की जानी चाहिए. मनपा के एक अधिकारी ने कहा, "नीति के अनुसार कई एनओसी (अनुमति प्रमाणपत्र) और प्रशासनिक औपचारिकताएं पूरी करनी थीं और प्रतिक्रिया भी बहुत कम मिली. इस नीति की समीक्षा 2023 में की गई थी.

□ उस नीति में यह प्रावधान था कि मनपा क्षेत्र सीमाओं में कुल 50 स्थानों पर फूड ट्रक को अनुमति दी जाएगी, और ट्रकों की स्थिति किसी रेस्तरां से कम से कम 200 फीट की दूरी पर होनी चाहिए. उसके अतिरिक्त, इस नीति में कहा गया था कि आसपास की इमारतों में निवासियों की आपत्ति न हो और एक ही स्थान पर दो फूड ट्रकों के बीच कम से कम 15 फीट की दूरी हो. अधिकतम दूरी रेलवे/मेट्रो/मोनोरेल स्टेशनों तथा अग्निशामक केंद्रों से 150 मीटर होनी चाहिए.

**पहल :** महायुति सरकार ने दिये निर्देश

# सभी स्कूलों में बनाएं एलुमनाई एसोसिएशन

■ **मुंबई, (सं.)** महाराष्ट्र सरकार ने एक शासनादेश (जीआर) जारी कर सभी विद्यालयों को पूर्व छात्र संघ (एलुमनाई एसोसिएशन) बनाने का निर्देश दिया है. एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी. उन्होंने एक अक्टूबर को जारी किए गये इस शासनादेश का जिक्र करते हुए कहा कि इनमें जिला परिषदों और नगर निगमों द्वारा संचालित विद्यालय, सहायता प्राप्त और गैर-सहायता प्राप्त निजी विद्यालय भी शामिल हैं. अब पहली से 12वीं कक्षाओं तक के हर विद्यालय में एक पूर्व छात्र संघ होगा, जिसमें पूर्व विद्यार्थियों के साथ-साथ सलाहकार सदस्य जैसे प्रधानाचार्य, एक शिक्षक, एक अभिभावक प्रतिनिधि और शिक्षा विभाग के अधिकारी होंगे. पूर्व छात्र संघों से अपेक्षा की जाएगी कि वे अपने-अपने विद्यालयों के शैक्षणिक, बुनियादी ढांचे, सांस्कृतिक और सामाजिक विकास में योगदान दें.



### एलुमनाई की मदद से स्कूलों का विकास

सरकारी शासनादेश के अनुसार, पूर्व छात्र संघों की प्रमुख जिम्मेदारियों में पुस्तकालयों, प्रयोगशालाओं, स्वच्छता सुविधाओं और डिजिटल संसाधनों जैसे बुनियादी ढांचे के उन्नयन में सहायता करना, विशेषज्ञों के व्याख्यान, प्रतिस्पर्धा तथा प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए मार्गदर्शन सत्रों का आयोजन करना और खेल, सांस्कृतिक गतिविधियों और डिजिटल साक्षरता में पहल का समर्थन करना शामिल होगा. प्रत्येक पूर्व छात्र संघ को सालाना कम से कम दो बैठकें करनी होंगी, जो ऑनलाइन या ऑफलाइन आयोजित की जा सकती हैं.

**# NEWS विंडो**

### स्पीड ब्रेकर को लेकर क्रेडिट वॉर

**मुंबई.** घाटकोपर बेस्ट में स्पीड ब्रेकर बनने के बाद अब क्रेडिट को लेकर स्थानीय भारतीय जनता पार्टी नगरसेवक शूर्यकांत गवली और क्षेत्रीय समाजसेवी एवं पत्रकार प्रशांत बढ़े के बीच में क्रेडिट वॉर देखने को मिल रहा है.जानकारी के अनुसार सड़क हादसों पर कंट्रोल के लिये काजुटेकडी, जांभलीपाड़ा, पारशीवाड़ी में तेज गति से वाहन चलाने वालों पर रोकथाम के लिए प्रशासन द्वारा सड़क पर स्पीड ब्रेकर बनाया गया है. काजुटेकड़ी, जांभलीपाड़ा, पारशीवाड़ी परिसर में कई महीनों से स्पीड बेकर बनाने की मांग की जा रही थी जिसके लिये स्थानीय समाजसेवी प्रशांत बढ़े ने मनपा और सम्बंधित विभाग से पत्र व्यवहार कर सिग्नेचर कैम्पेन भी चलाया था. जिसके बाद स्पीड ब्रेकर बना दिया गया.अब गवली और बढ़े की तरफ से क्षेत्र में क्रेडिट वार देखने को मिल रहा है.


### 147 करोड़ रुपए के मादक पदार्थ नष्ट

पालघर. ठाणे, पालघर और मीरा भाईंदर वसई विरार (एमबीवीवी)की पुलिस इकाइयों ने एक संयुक्त अभियान में करीब 147 करोड़ रुपये मूल्य की हेरोइन, कोकीन, मेफेड्रोन के साथ-साथ कोडीन-आधारित प्रतिबंधित खांसी के सिरप नष्ट किये. एक अधिकारी ने यह जानकारी दी. अधिकारी ने बताया कि नष्ट की गई प्रतिबंधित सामग्री में 1,056 किलोग्राम मादक पदार्थ और 26,935 लीटर कोडीन-आधारित कफ सिरप शामिल हैं. उन्होंने बताया कि एमबीवीवी पुलिस ने 27 मामलों में जब्त की गई 29.76 करोड़ की 240 किलोग्राम मादक पदार्थ को नष्ट कर दिया.

# अंबरनाथ: 24 घंटे में 2 युवकों ने की आत्महत्या

## एक घर में दूसरे ने पेड़ से लटक कर दी जान

■ **अंबरनाथ, (सं.)** शहर में पिछले 24 घंटों में दो युवकों द्वारा आत्महत्या करने का मामला प्रकाश में आया है. शहर के पूर्व में एक पुलिसकर्मी के बेटे ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली, जबकि एक युवक ने कल्याण-बदलापुर मार्ग पर आईटीआई के सामने एक पेड़ से लटककर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली. आईटीआई के सामने जिस युवक ने आत्महत्या की, उस अज्ञात युवक की पहचान करने की कोशिश पुलिस कर रही है. अंबरनाथ शहर के पूर्वी हिस्से में शिवगंगा नगर में रहने वाले श्रेयस पाटिल ने गुरुवार को अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. उनके पिता पुलिसकर्मी बताए जा रहे हैं. दूसरी घटना में शहर के



पश्चिमी हिस्से में कल्याण-बदलापुर राज्य राजमार्ग पर आईटीआई इलाके में 35 से 40 साल के एक युवक ने पेड़ से लटककर आत्महत्या कर ली. हालांकि इस युवक के पास कोई पहचान पत्र नहीं मिला. हालांकि यह सवाल उठ रहा है कि व्यस्त सड़क होने के बावजूद किसी ने इस युवक को पेड़ से लटककर आत्महत्या करते कैसे नहीं देखा. युवक की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है और पुलिस उसकी पहचान करने की कोशिश कर रही है. दोनों आत्महत्या मामलों में पुलिस स्टेशन में आकस्मिक मृत्यु का मामला दर्ज किया गया है.

**दुरुस्ती:** सड़क मरम्मत और नवीनीकरण के लिए टेंडर जारी

# गड्ढों के लिए दिए करोड़ों रुपये

■ **वसई, (सं.)** वसई-विरार शहर की कई सड़कों पर गड्ढे बन गए हैं. इससे वाहन चालकों को काफी परेशानी होने लगी है. इन गड्ढों वाली सड़कों की मरम्मत और नवीनीकरण के लिए मनपा ने करोड़ों रुपये के टेंडर जारी किए हैं. इसमें 68 करोड़ रुपये गड्ढों की मरम्मत और 55 करोड़ रुपये आठ सड़कों के नवीनीकरण पर खर्च किए जाएंगे.वसई-विरार शहर में बारिश के कारण विभिन्न सड़कों पर गड्ढे हो गए हैं. इन गड्ढों के कारण वाहन चालकों को जोखिम भरा सफर करना पड़ रहा है. कई बार इन गड्ढों के कारण दुर्घटनाएं भी हो रही हैं. नागरिकों की ओर से लगातार गड्ढों को भरने की मांग की जा रही है. खासकर गणेशोत्सव से पहले, मनपा ने शहर की सड़कों के गड्ढे भरने की घोषणा की थी. इसके तहत,



नगर पालिका ने विभिन्न स्थानों पर पक्की सड़क और डामरीकरण करके गड्ढे भरने का काम शुरू किया था. लेकिन, यह स्पष्ट है कि, नवरात्रि उत्सव समाप्त होने के बाद भी, सड़कों के गड्ढों की ठीक से मरम्मत नहीं की गई है.

### बारिश में फिर से खराब होती हैं सड़कें

□ इसके अलावा, पिछले कुछ दिनों से बारिश हो रही है. इस बारिश में, मरम्मत की गई सड़कें फिर से खराब हो गई हैं और सड़कें सचमुच खस्ताहाल हो गई हैं. इस संबंध में नागरिकों की ओर से बड़ी संख्या में शिकायतें मनपा में दर्ज होने लगी हैं.

□ आखिरकार, मनपा ने हाल ही में शहर की प्रमुख सड़कों के गड्ढों की मरम्मत और नवीनीकरण के लिए टेंडर जारी किए हैं. इसमें आठ प्रमुख सड़कों पर तारकोल और बजरी बिछाकर उनका नवीनीकरण किया जाएगा. इसके लिए 55 करोड़ 79 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे.

# हत्या के 32 साल पुराने मामले में 5 आरोपी बरी

■ **ठाणे, (सं.)** जिले की एक सत्र अदालत ने 32 साल पहले एक व्यक्ति की हत्या के मामले में गायब एवं खराब हो चुके दस्तावेजों तथा विश्वसनीय गवाह पेश करने में अभियोजन पक्ष की असमर्थता का हवाला देते हुए 5 आरोपियों को बरी कर दिया. कल्याण के अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश पी. एफ. सैयद ने यह फैसला सुनाया.



### धारदार हथियार से हुई थी हत्या

अभियोजन पक्ष के अनुसार, 16 दिसंबर 1992 को सम्राट अशोक नगर में लकी प्रेमचंद भाटिया पर धारदार हथियारों से हमला किया गया था और बाद में उसकी मौत हो गई थी. इस मामले में सुरेश दीनानाथ उपाध्याय, गौतम महादेव गायकवाड़, मोहिद्दीन सिद्दीक खान, कन्हैया बसन्ना कोली और कुमार चेतुमल नागरानी को आरोपी बनाया गया था. जमानत पर रिहा होने के बाद पांचों आरोपी अनुपस्थित रहे जिसके कारण सितंबर 2024 में गैर-जमानती वारंट जारी करना आवश्यक हो गया. न्यायाधीश ने कहा कि अभियोजन पक्ष केवल दो गवाहों से पूछताछ कर पाया लेकिन उनमें से एक की गवाही को अविश्वसनीय माना गया.

# 'इंडिया वन' विमान से लैंडिंग करेंगे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

■ **नवी मुंबई, (सं.)** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 8 अक्टूबर को 'इंडिया वन' विमान से लैंडिंग कर नवी मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का उद्घाटन करेंगे. वीवीआईपी विमान ने बुधवार को एक ऑपरेशनल अभ्यास के लिए नवी मुंबई हवाई अड्डे का संक्षिप्त लैंडिंग भी किया. सूत्रों के अनुसार, उद्घाटन के दिन वे 'इंडिया वन' विमान से सीधे नवी मुंबई हवाई अड्डे पर पहुंचेंगे. 'एयर इंडिया वन' नाम से जाना जाने वाला यह अरबों डॉलर का विमान, भारतीय प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति की यात्रा के लिए दो विशेष रूप से निर्मित वीवीआईपी बोइंग-777 विमानों में से एक है. जानकारी के अनुसार 'इंडिया वन' के साथ प्रधानमंत्री के आगमन की तैयारियां शुरू कर दी गई है जिसका एक परीक्षण अभ्यास भी किया गया, जब वायु संचालन विभाग ने एनएमआईए में विमान की सफल लैंडिंग की. दिसंबर में इंडिगो द्वारा नैरो बॉडी एयरबस ए 320 के साथ परीक्षण उड़ान के बाद, नवी मुंबई हवाई अड्डे में किसी वाइड बॉडी विमान के पहुंचने का यह पहला मामला था. वायु सेना के अधिकारियों द्वारा संचालित वीवीआईपी विमान सुबह लगभग 10:30 बजे उतरा और दोपहर लगभग 2 बजे दिल्ली के लिए रवाना हुआ. इस दौरान अधिकारियों ने यह सुनिश्चित किया कि सभी लैंडिंग और टेक-ऑफ की ज़रूरतें पूरी हों.



सरकार से सख्त कार्रवाई करने की मांग

# आज़मी पर भड़के पांडे

■ **मुंबई, (सं.)** भाजपा उत्तर भारतीय मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष संजय पांडे ने भिवंडी में मराठी को लेकर दिए गए सपा विधायक अबू आसिम आज़मी के बयान की कड़ी निंदा करते हुए सरकार से आजमी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है. पांडे ने नाराजगी जताते हुए कहा कि आजमी को यह मालूम होना चाहिए कि भिवंडी भारत में है, पाकिस्तान में नहीं.



### मराठी को आजमी से अनुमति की जरूरत नहीं

संजय पांडे ने समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व विधायक अबू आसिम आज़मी को पाकिस्तान समर्थक बताते हुए कहा कि भारत में विभिन्न जातियों एवं भाषाओं के लोग रहते हैं. वे एक-दूसरे की भाषा का सम्मान करते हैं. एक मराठी व्यक्ति को कहीं जाने के लिए अबू आसिम आज़मी जैसे व्यक्ति की अनुमति की आवश्यकता नहीं है. पांडे ने अबू आसिम आज़मी के वक्तव्य की निंदा करते हुए सरकार से उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की है.

**चिंता :** महाराष्ट्र में 30 से 40 साल के हार्ट पेशेंट अधिक

# युवाओं में बढ़ रही हृदय रोग की बीमारी

■ **मुंबई, (सं.)** मुंबई सहित महाराष्ट्र में दिल से संबंधित बीमारियां तेजी से बढ़ रही हैं. पहले इसे बुजुर्गों की बीमारी मानी जाती थी, लेकिन अब यह 30 से 40 साल के लोगों में भी तेजी से बढ़ी है. लंबे समय तक बैठे रहना, ज्यादा तैलीय और नमकीन खाना, बढ़ता तनाव और देर से इलाज शुरू करना इस स्थिति को और गंभीर बना रहा है. कई परिवारों में सीने में भारीपन, सांस लेने में तकलीफ या लगातार थकान जैसे लक्षण नजरअंदाज कर दिए जाते हैं. खासकर महिलाएं अक्सर गैस, काम का तनाव या सामान्य थकावट समझकर इसे नजरअंदाज़ करती हैं. परिणाम स्वरूप बीमारी देर से पकड़ी जाती है और जटिलताएं बढ़ जाती हैं. विशेषज्ञों का कहना है कि खानपान में विशेष सावधानी रखें. तैलीय और नमकीन भोजन, शारीरिक गतिविधि की कमी और बैठे-बैठे जीवनशैली आम हो गई है, ये सब दिल की बीमारी के कारण हैं. सिंबायोसिस हॉस्पिटल, मुंबई के हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. अंकुर फतरपेकर ने कहा कि ज्यादातर लोगों को लगता है कि दिल का दौरा अचानक पड़ता है, जबकि सच यह है कि यह कई सालों से जमा हो रही गलत आदतों का नतीजा होता है. हाई ब्लड प्रेशर, डायबिटीज, मोटापा, तंबाकू का सेवन और अनियमित व अनुचित खानपान दिल को लगातार नुकसान पहुंचाते हैं. महाराष्ट्र में ये सभी खतरे तेजी से बढ़ रहे हैं. खासतौर पर 40 से 60 साल की महिलाओं में रजोनिवृत्ति और जीवनशैली के बदलाव दिल की बीमारी के खतरे को और बढ़ा रहे हैं. रोजमर्रा की गलत आदतें भी इस समस्या को और बढ़ा रही हैं. कई मरीज कुछ दिन दवा लेने के बाद लक्षण कम होते ही इलाज बीच में छोड़ देते हैं. यह लापरवाही अगले दौरे या स्ट्रोक का खतरा और बढ़ा देती है.



### बीमारी से बचने अपनाएं नियमित दिनचर्या

विशेषज्ञ मानते हैं कि दिल की बीमारी से असली बचाव इलाज में नहीं, बल्कि रोकथाम में है. ताजी सब्जियां और फल, कम नमक और तैलीय भोजन, रोज 30 से 60 मिनट की सैर या व्यायाम, पर्याप्त पानी और नियमित स्वास्थ्य जांच – ये छोटे-छोटे कदम ही दिल को लंबे समय तक स्वस्थ रख सकते हैं. महाराष्ट्र में दिल की बीमारी अब अपवाद नहीं, बल्कि आम होती जा रही है. ऐसे समय में परिवारों के स्तर पर जीवनशैली में बदलाव ही इस समस्या को कम कर सकती है और आने वाली पीढ़ियों को स्वस्थ जीवन दे सकते हैं

**दशहरा:** एकता और भाईचारे को बढ़ावा



मुंबई. वृत्तपत्र विक्रेता कल्याण संघ, मुंबई की तरफ से गुरुवार को दशहरा मिलन आयोजित किया गया. इस अवसर पर भगवान श्रीराम की पूजा-अर्चना के बाद प्रसाद वितरण किया गया. कार्यक्रम की सफलता के लिए संघ के अध्यक्ष सीएल सिंह, महामंत्री घनश्याम यादव ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों से संगठन की एकता और भाईचारे को बढ़ावा मिलता है.

# क्रिकेटर उथप्पा को जारी समन रद्द

### चेक बाउंस मामला : सत्र अदालत का फैसला

■ **मुंबई, (सं.)** सत्र अदालत ने 2019 के चेक बाउंस मामले में पूर्व भारतीय क्रिकेटर रॉबिन उथप्पा के खिलाफ मजिस्ट्रेट अदालत द्वारा जारी समन को रद्द कर दिया है. अदालत ने कहा कि मजिस्ट्रेट अदालत ने अपना आदेश सुनाने से पहले दंड प्रक्रिया संहिता के तहत अनिवार्य जांच नहीं की. अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश कुणाल धनजी जाधव ने अपने फैसले में मामले को वापस मजिस्ट्रेट अदालत को भेजते हुए सीआरपीसी की धारा 202 के तहत जांच करने का निर्देश दिया. सीआरपीसी की धारा 202 में प्रावधान है कि मजिस्ट्रेट यह निर्धारित करने के लिये प्रारंभिक करेगा कि किसी निजी शिकायत मामले में आरोपी के विरुद्ध प्रक्रिया (समन) जारी करने के लिए पर्याप्त आधार हैं या नहीं, विशेषकर तब, जब वह न्यायालय के अधिकार क्षेत्र से बाहर रहता हो. उथप्पा ने मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट द्वारा 7 जून, 2019 को पारित आदेश के खिलाफ सत्र न्यायालय के समक्ष अधिवक्ता सिद्धेश बोरकर के माध्यम से एक पुनरीक्षण आवेदन दायर किया था. एक निजी कंपनी सीनियर मार्केटिंग प्राइवेट लिमिटेड ने 2019 में मुंबई में एक मजिस्ट्रेट अदालत के समक्ष एक अन्य कंपनी, सेंटॉर्स लाइफस्टाइल और उसके निदेशकों, जिनमें उथप्पा भी शामिल थे.



# युवकों ने उल्हासनगर में मचाया खूब उत्पात

■ **उल्हासनगर, (सं.)** वीर तानाजी नगर में आधी रात के बाद सात-आठ लोगों के एक समूह ने धारदार हथियार और कट्टे लेकर सड़कों पर आतंक मचाया. इन आरोपियों ने हवा में हथियार लहराकर खड़ी गाड़ियों में तोड़फोड़ और गाली-गलौज की. हिललाइन पुलिस ने इस मामले में दहशत फैलाने वालों के खिलाफ मामला दर्ज किया है. प्राप्त जानकारी के अनुसार, 2 अक्टूबर को रात 2:44 बजे उल्हासनगर के वीर तानाजी नगर के सेक्टर 40 स्थित आरपीआई कार्यालय के सामने वाले मैदान में आरोपी ऋषिकेश खरात उर्फ विलेन, प्रतीक उर्फ भूर्या, रोशन सालवे, अनिकेत खरात और उनके 3-4 अन्य साथी हाथों में कट्टे और धारदार हथियार लेकर पहुंचे. इस टोली ने जमकर उत्पात मचाया. लोगों को अपशब्दों का प्रयोग और धमकियां दीं. उन्होंने सड़क पर खड़ी गाड़ियों में अपने हथियारों से तोड़फोड़ की.



### सड़कों पर कट्टे और धारदार हथियार लहराए

इतना ही नहीं, उन्होंने लोहे के गैंती, तलवारें और चाकू हवा में लहराकर और 'हमसे पंगा नहीं लेने का, नहीं तो काट देंगे' की धमकियां देकर इलाके में दहशत फैलाई.इसके बाद सभी आरोपी अपनी मोटरसाइकिल पर सवार होकर वहां से भाग गए. इस घटना के बाद एक रिक्शा चालक सुनील हरि टाक (उम्र 51) ने हिललाइन पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई. पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है. पुलिस उपनिरीक्षक धुमाल घटना की जांच कर रहे हैं.

**राजनीति** | वन मंत्री नाईक ने कहा- चुनाव के बाद मनपा से बाहर हो जाएंगे गांव

# फिर 14 गांवों का जिन्न बाहर निकला



■ **नवी मुंबई, (सं.)** वन मंत्री गणेश नाईक द्वारा कल्याण तालुका के 14 गांवों को नवी मुंबई मनपा में शामिल किए जाने का कड़ा विरोध जारी है. नाईक ने एक बार फिर किसी जबरदस्ती के चलते 14 गांवों को नवी मुंबई में शामिल किए जाने की आलोचना की. वन मंत्री नाईक ने कहा कि जब तक वे हैं, तब तक किसी चीज़ का बोझ जनता पर नहीं पड़ने देंगे. उन्होंने कहा कि चुनाव के 6 महीने बाद हम इन गांवों को नवी मुंबई मनपा से बाहर कर देंगे. ये गांव ज़रूर हटाए जाएंगे, वे नवी मुंबई में 100 धर्मार्थ कार्यों के स्वर्णिम गौरव महोत्सव में बोल रहे थे.



## लोकसभा चुनाव के समय शामिल हुए थे गांव

लोकसभा चुनाव के दौरान, राज्य सरकार ने कल्याण तालुका के दहिसर, नवली, निगु, मोकाशी पाड़ा, भंडारली, पिंपरी गांव, घोटेघर, बम्बली, उत्तरशिव, नागांव, नारिवली, वकालन, बाले और दहिसर मोरी गांवों को नवी मुंबई मनपा में शामिल करने का फैसला किया था. भौगोलिक दृष्टि से, ये गांव ठाणे मनपा की सीमा से सटे हुए हैं. नवी मुंबई और इन गांवों के बीच एक पूरा पहाड़ है. हालांकि, लोकसभा चुनाव में वोटों की गिनती को देखते हुए, इन गांवों को नवी मुंबई में शामिल किया गया था. शुरुआत में, ये गांव नवी मुंबई मनपा की सीमा के भीतर थे. लेकिन संपत्ति कर में वृद्धि के मुद्दे के कारण इन गांवों को मनपा में शामिल करने के खिलाफ आंदोलन हुआ. बाद में, इन गांवों को नवी मुंबई मनपा की सीमा से बाहर कर दिया गया. हालांकि ग्रामीणों ने महसूस किया कि पिछले 15 से 20 वर्षों में नागरिक सुविधाओं की कमी के कारण, इन गांवों में मनपा के बिना कोई विकास नहीं हुआ.



### गांवों को मनपा पर थोपने की जरूरत नहीं

ग्रामीणों की मांग के बाद, इन 14 गांवों को लोकसभा अवधि के दौरान नवी मुंबई में शामिल किया गया था. इस मुद्दे पर नाईक का विरोध लगातार था. इस मुद्दे पर बात करते हुए नाईक ने कहा कि इन गांवों को थोपने की कोई आवश्यकता नहीं थी. नाईक ने यह भी कहा कि मुझसे इस फैसले के बारे में पूछा जाना चाहिए था, क्योंकि मैं उस समय एक विधायक था. मैंने नवी मुंबई में 14 गांवों को शामिल करने के लिए नगरपालिका में एक प्रस्ताव पेश किया था. नियम और शर्तों के अनुसार इसे मंजूरी भी दी गई थी. वहां पहाड़ के माध्यम से खोदने के लिए 500 करोड़ की सुरंग की मांग की गई थी. हालांकि, अब उस सुरंग के लिए 6 हजार करोड़ रुपये दिए गए हैं.

### स्वार्थी लोगों से सावधान रहें लोग

मैंने मुख्यमंत्री से यह भी कहा कि हमें नवी मुंबई मनपा में 14 गांव नहीं चाहिए, ये गांव ज़रूर हटाए जाएंगे और इन्हें हटाने के लिए मैं अपनी पूरी ताकत लगा झोंक दूंगा. इन 5 वर्षों में, किसी की सनक के कारण, नवी मुंबई मनपा की एफ डी को तोड़ दिया गया, जिस वार्ड में 50 लाख रुपये की जरूरत नहीं थी, वहां 5 करोड़ रुपये खर्च किए गए. 40 करोड़ रुपये की कंक्रीट सड़कें बनाई गईं. एक जगह 2 लाख रुपये खर्च किए गए, दूसरी जगह 20 करोड़ रुपये. ऐसा काम मनमर्जी से किया गया. उन्होंने कहा कि वे गरिमा और पद के अनुसार जनता के कल्याण के लिए किसी भी हद तक जा सकते हैं. इसमें हम किसी भी तरह की हिंसा का सहारा नहीं लेंगे. हम अपने दिल की पीड़ा सहकर जनता की भावनाओं को व्यक्त करने का प्रयास ज़रूर करेंगे. नाईक ने नवी मुंबई के लोगों को सावधान रहने की भी सलाह दी.

# संघ शताब्दी पर गीत का विमोचन

**मुंबई.** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी महोत्सव के अवसर पर महाराष्ट्र प्रदेश भाजपा कार्यालय में कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इस मौके पर संघ की शताब्दी वर्ष को समर्पित गीतों का विमोचन मुंबई भाजपा अध्यक्ष अमित साटम ने किया. गीत में संघ के 100 वर्षों की संघर्ष यात्रा का वर्णन किया गया है. यह गीत आने वाली नई पीढ़ी को नई दिशा, प्रेरणा, संघ के कार्यों की ऊर्जा प्रदान करेगा. गीतकार कवि मोहन सामंत है और संगीत संयोजन दत्ता थिटे व गायक जयदीप बगवाडकर ने किया है. मुंबई भाजपा अध्यक्ष साटम ने गीतों की रचना और आयोजन के लिए भाजपा प्रवक्ता अतुल शाह की विशेष सराहना की और कहा कि अतुल शाह ने समाज जागरण का कार्य किया हैं. इस दौरान महाराष्ट्र प्रदेश कार्यालय मंत्री रघुनाथ कुलकर्णी, भाजपा प्रवक्ता नवनाथ बन, दक्षिण मुंबई जिलाध्यक्ष शलका सालवी, संतोष पांडेय, सुशील राणे, और अश्विन कांबले प्रमुख रूप से उपस्थित रहे.

**संघ के 100 वर्षों की संघर्ष गाथा**